

दैनिक

पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 319 | ग्वालियर , 12 सितम्बर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

जी20 में भारत ने चीन को तगड़ा झटका दे दिया है

नई दिल्ली। हाल ही में भारत की राजधानी दिल्ली में हुई जी 20 की मीटिंग में जो सबसे बड़ा फैसला हुआ वो है अफ्रीकी यूनियन को जी 20 में शामिल करना. 55 अफ्रीकी देशों के इस संगठन का दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर इकोनॉमिक फोरम जी20 में शामिल होना इस बार के मेजबान भारत की बड़ी कामयाबी और चीन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है. कहा जा रहा है कि भारत की इस कामयाबी ने अफ्रीका महाद्वीप में चीन को बड़ी मात दी है. और चीन की हालत ऐसी थी कि वो चाह कर भी भारत के इस मास्टर स्ट्रोक को नाकाम नहीं कर सका. अफ्रीकी यूनियन का जी20 में शामिल होना इतनी बड़ी घटना कैसे है इसे समझने के लिए हमें पहले ग्लाबल साउथ की पॉलिटिक्स को समझना होगा. पिछले कुछ वक्त से आपने इंटरनेशनल डिप्लोमेसी की खबरों में ये शब्द कई बार सुना होगा ..तो आखिर क्या है ग्लोबल साउथ?दरअसल ग्लोबल साउथ दुनिया के उन देशों से मिलकर बना है जो विकास की दौड़ में पिछड़े हुए हैं. इन देशों में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के वो देश शामिल है जो विकासशील है और इनमें से कई देशों में राजीनैतिक तौर पर अस्थिरता रहती है. इस नक्शे के जरिए हमें ग्लोबल साउथ की भौगोलिक स्थिति को समझ सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे विकसित देश ग्लोबल साउथ का हिस्सा नहीं हैं. अपनी ताकतवर इकोनॉमी और मजबूत होती मिलिट्री पावर के जरिए चीन विकास की दौड़ में पिछड़ चुके इस ग्लोबल साउथ का लीडर बनना चाहता है और इसके लिए वो अरबों डॉलर्स खर्च कर रहा है.

अफ्रीका महाद्वीप और चीन के लिए क्या है महत्व- दरअसल, एशिया-प्राशांत इलाके में जो मुल्क हैं उनमें से ज्यादातर के साथ चीन का सीमा विवाद चल रहा है लिहाजा ये देश चीन को लेकर काफी सतर्क हैं. वहीं लैटिन अमेरीकी देशों की अमेरिका के साथ भौगोलिक करीबी के चलते चीन वहां कोई बड़ा दांव नहीं खेल सकता लिहाजा उसके पास अपने गेम को खेलने के लिए अफ्रीका महाद्वीप ही बचता है जो प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर तो है लेकिन वहां गरीब और राजनैतिक अस्थिरता अपने चरम पर है. चीन की रणनीति ऐसे गरीब मुल्कों को अपने कर्ज के जाल में फंसा कर वहां अपना प्रभुत्व स्थापित करने की रही है. पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देश इसकी नजीर हैं. चीन जो भारत के भी खतरा माना जाता है. अफ्रीका को लेकर चीन कितना ज्यादा सीरियस है इसे इन आंकड़ों से समझा जा सकता है.अफ्रीका अफ्रीका के देश जिबूती में भी अपनी ऐसी चाल चलके एक नौसैनिक अड्डा बना चुका है

और चीन के बीच हर साल 200 बिलियन डॉलर से ज्यादा रकम का व्यापार होता है. चीन की 10,000 से ज्यादा कंपनिया अफ्रीका में काम कर रही हैं. अफ्रीकी देशों में चीन के 53 दूतावास हैं जो अमेरिका से भी ज्यादा है. साल 2008 से 2018 के बीच चीन के टॉप ऑफिशियल्स ने 43 अफ्रीकी देशों में कुल 79 यात्राएं की थीं. अफ्रीका के 52 देश चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव प्रोग्राम यानी ब्रह्म पर दस्तखत कर चुके हैं. इथियोपिया, कॉन्गो गणराज्य, सूडान, जाम्बिया, कीनिया, कैमरून, माली और कॉट डे आइवरी जेसे देश चीन के कर्ज में डूबे हुए हैं.

चीन की चाल से कुछ अफ्रीकी देश पहले ही सतर्क- अफ्रीका यूनियन का मुख्यालय इथयोपिया की राजधानी अदीस आबाबा में है जिसे चीन ने ही करोड़ों डॉलर्स खर्च करके साल 2012 में बनाया था. इन आंकड़ों से आपको इतना तो समझ में आ गया होगा कि अफ्रीका महाद्वीप में चीन कितना बड़ा खिलाड़ी है और वो अपने इस खेल में किसी दूसरे देश को शामिल नहीं होने देना चाहता लेकिन भारत ने जी20 की मीटिंग चीन का खेल बिगाड़ड दिया है. अफ्रीका यूनियन की जी20 के साथ जोड़ने का मतलब है इन 50 से ज्यादा अफ्रीदी देशों के दुनिया की सबसे ताकतवर इकोनॉमी वाली देशों के साथ सीधे जोड़ना. भारत की मेजबानी में हुए इस फैसले से अफ्रीकी देशों में भारत के लिए सहानुभूति पैदा होना लाजिमी है और इंटरनेशनल पॉलिटिक्स में सहानुभूति भी एक बड़ा फैक्टर मानी जाती है. माना जा रहा है कि अब भारत अफ्रीका में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके इन मुल्कों को चीन की कर्ज देकर कब्जा करने वाली साजिश से सतर्क कर सकेगा. वैसे कुछ अफ्रीकी देश पहले से ही चीन की चाल से आगाह हो चुके हैं और साल 2020 में तंजानिया जैसे देश ने चीन के साथ 10 बिलिड़न डॉलर के कर्ज की डील रद्द कर दी थी.भारत के कई अफ्रीकी देशों के साथ पारंपरिक संबंध रहे हैं. इस महाद्वीप मे भारत ट्रेड, टेक्नोलॉजी और इंन्फ्रास्ट्रक्चर के डेवलेपमेंट में चीन का विकल्प साबित हो सकता है. साथ भारत के पास अब ग्लोबल साउथ के लीडर के तौर पर खुद के स्थापित करने का बड़ा मौका है. अफ्रीका महाद्वीप, अमेरिका, चीन, यूरोप और रूस जैसे बड़ी शक्तियों के बीच राजनीति का अखाड़ बन चुका है. कई देश वैगनर रुप जैसी भाड़े की फौज के जरिए उस महाद्वीप के मुल्को पर अपना प्रभाव बना रहहे हैं ऐसे में भारत ने अफ्रीकी यूनियन को जी20 में शामिल करके ऐसी बाजी जीत ली है जिसकी छाप आनो वाला कई सलों तक इंटरनेशनल पॉलिटिक्स में नजर आएगी.

यूपी-बिहार समेत देश के इन राज्यों में होगी भारी बारिश, आई एम डी ने जारी किया अलर्ट

उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्से में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है और पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है. इसी बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

किया है. मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवाती मौसम तंत्र की सक्रियता के चलते मौसम में इस तरह का परिवर्तन देखने को मिल रहा है. दिल्ली, यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है. जिसके चलते पारा गिर गया है. रविवार को भी देश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहा.मौसम विभाग के मुताबिक, आज को दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 12 से ज्यादा राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है. विभाग की मानें तो 11 सितंबर को जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश देश के कई राज्यों में आज भी भारी बारिश होगी. इस दौरान पश्चिम से लेकर पूरब और उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक के स्थानों पर बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा कई स्थानों पर तेज हवा के साथ आसमानी बिजली गिरने की भी संभावना है.वहीं इस दौरान उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा बिहार, झारखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है. इनके अलावा छत्तीसगढ़, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, आंतरिक तमिलनाडु, तटीय कर्नाटक, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है.भारी बारिश के चलते तापमान गिरते ही पहाड़ों पर एक बार फिर से बर्फबारी शुरू हो गई है. रविवार को उत्तराखंड के चमोली में इस सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली. बारिश और बर्फबारी के चलते बद्रीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी में एकबार फिर से ठंड का दौर शुरू हो गया. मौसम विभाग के मुताबिक, कल यानी रविवार को केदारनाथ की पहाड़ियों के साथ-साथ बद्रीनाथ धाम के नीलकंठ, नर नारायण पर्वत समेत कई ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई.

भूकंप के झटकों से कांपा मोरक्को, 296 लोगों की मौत, 7.2 तीव्रता से हिली धरती

उत्तर अफ्रीकी देश मोरक्को में आए भूकंप में 200 से ज्यादा लोगों की मौत होने की खबर है. बताया जा रहा है कि मोरक्को में शुक्रवार देर रात 7.2 तीव्रता के झटकों से धरती हिल गई. इसमें कई इमारतें धरासाई हो गई. इनमें दबने से अब तक 296 लोगों के मारे जाने की खबर है. बताया जा रहा है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि अभी कई लोग मलबे में दबे हुए हैं.अमेरिका के राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, इस इलाके में आया ये पिछले 120 साल का सबसे जबरदस्त भूकंप है. मोरक्को के स्टेट टेलीविजन के मुताबिक, भूकंप के झटके इनते तेज थे

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी ने किया गिफ्तार, भ्रष्टाचार के मामले में हुई कार्रवाई

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं. दरअसल, आपराधिक जांच विभाग ने शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया. उसके कुछ देर बार ही सीआईडी ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया. इसके साथ ही आंध्र प्रदेश पुलिस ने उनके बेटे नारा लोकेश को भी हिरासत में लिया है. पुलिस ने उन्हें पूर्वी गोदावरी जिले से हिरासत में लिया है. बता दें कि आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ 2021 में भ्रष्टचार का मामला दर्ज किया गया था. उसके बाद से ही आपराधिक जांच विभाग उनपर लगे आरोपों की जांच कर रहा था. इस बीच 9 सितंबर 2023 को सीआईडी ने

उन्हें गिरफ्तार कर लिया.बताया जा रहा है कि पूर्व सीएम नायडू को नांदयाल से शनिवार तड़के उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वे शहर के आरके फंक्शन हाल स्थित अपने कैंप में आराम कर रहे थे. उनकी गिरफ्तारी के लिए नांदयाल रेंज के डीआईजी रघुरामी रेड्डी और सीआईडी के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स पहुंचा था. जानकारी के मुताबिक, सीआईडी और पुलिस की टीम नायडू को गिरफ्तार करने तड़के 3 बजे ही पहुंच गई थी, लेकिन पूर्व सीएम की सुरक्षा में तैनात विशेष सुरक्षा बल ने उन्हें रोक दिया, उन्होंने पुलिस से कहा कि नियम के मुताबिक वे सुबह 5.30 बजे से पहले किसी को नायडू के पास नहीं जाने देंगे. उसके बाद सुबह 6 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

मध्य प्रदेश के सागर में दर्दनाक सड़क हादसा, कार और ट्रक की भिडंत में 6 की मौत

मध्य प्रदेश के सागर जिले में हुए एक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई और एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया. ये हादसा रविवार देर शाम सागर शहर के पास तब हुआ

जब एक एसयूवी और एक ट्रक आमने सामने से टकरा गए. न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (स्छह्क) अशोक चौरसिया के मुताबिक, ये घटना जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर सानोधा पुलिस थाने की सीमा के भीतर सागर-जबलपुर रोड पर बमोरी दूदर के पास हुई. अधिकारी ने बताया कि एसयूवी में सवार सात लोगों में से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया. जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान की जा रही है.बता दें कि इससे पहले पिछले हफ्ते सोमवार देर रात भी एक सड़क हादसा हुआ था. तब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली एक यात्री बस से टकरा गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए थे. मालनपुर पुलिस स्टेशन के अनुसार, यह दुर्घटना रात करीब 10.30 बजे भिंड-ग्वालियर रोड पर तुकेड़ा गांव के पास हुई. ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर रुक गई थी. इस दौरान बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, गोहद के पिपड़िया गांव के लोग मुरैना जिले के बसया माता मंदिर में दर्शन करने गए थे. लेकिन जब वे लौट रहे थे तब ये हादसा हो गया. यही नहीं इससे पहले जून में भी मध्य प्रदेश में ऐसा ही एक हादसा हुआ था.एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले पिछले महीने की 8 तारीख को मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक जीप और दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. सीधी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. रवींद्र वर्मा के मुताबिक, ये हादसा सुबह करीब 10 बजे ग्राम डोल के पास हुआ. जब ट्रक चालक ने अचानक रास्ते में आए एक स्कूटर को बचाने की कोशिश में ट्रक स्कूटर और एक जीप को कुचलते हुए पलट गया. अधिकारी के मुताबिक, जीप में सवार छह लोगों और दोपहिया सवार पर सवार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जीप में सवार लोग एक शादी की पार्टी में शामिल होने के लिए जा रहे

चीन में भारी बारिश से निचले इलाकों पर मंडराया बाढ़ का खतरा, वैज्ञानिकों ने दी ये चेतावनी

चीन में इनदिनों तूफान के चलते भारी बारिश का दौर जारी है. बताया जा रहा है कि दक्षिणी चीन में पिछले सात दिनों से भारी बारिश हो रही है. जिसके चलते निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं. जानकारी के मुताबिक, धीमी गति से चलने वाले तूफानी बादल गुआंग्डोंग से गुआंग्शी की ओर बढ़ रहे हैं. जिससे भारी बारिश हो रही है और निचले इलाकों में बाढ़ आ गई, सड़कें अवरुद्ध हो गईं. जिससे हजारों लोग फंस गए हैं. राज्य मीडिया ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी कि गुआंग्शी क्षेत्र के ग्रामीण काउंटी बोबाई में बचावकर्मी रविवार रात से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए काम कर रहे हैं. इस इलाके में 6.6 फीट से ज्यादा गहराई तक पानी भर गया है और लोग घरों में फंस गए हैं.बता दें कि चीन के फुजियान प्रांत में 5 सितंबर को हाइकुई तूफान कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय

तूफान में बदल गया. इसके बाद अवशिष्ट परिसंचरण ने दक्षिणी चीन में कहर बरपाना शुरू कर दिया. जिसके चलते घनी आबादी वाला शेन्ज़ेन शहर जलमग्न हो गया. बता दें कि इस इलाके में 1952 के बाद रिकॉर्ड बारिश हुई है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में गुआंग्शी में भारी बारिश जारी रहने की आशंका है.इस बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि चीन में आने वाले तूफान अधिक तीव्र होते जा रहे हैं और उनके रास्ते और अधिक जटिल होते जा रहे हैं, जिससे आपदा का खतरा बढ़ रहा है, यहां तक ??कि शेन्ज़ेन जैसे तटीय शहरों में भी, जो नियमित रूप से उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का सामना करते हैं और पहले से ही मजबूत बाढ़ बचाव क्षमता रखते हैं में भी आफत आ सकती है.कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन के जलवायु विज्ञानी शाओ सन ने कहा, ÷जो तूफान दूर तक चलते हैं, वे ऐतिहासिक रूप से भारी वर्षा और तेज हवा के संपर्क में आने वाले क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं, अक्सर आपदा लचीलापन कम होता है, जिससे अधिक गंभीर नुकसान होता है.÷ उन्होंने कहा कि, ÷शेन्ज़ेन में हुई आपदा मुख्य रूप से हाइकुई के अवशिष्ट परिसंचरण के धीमी गति से पश्चिम की ओर बढ़ने के कारण हुई, जो 7 सितंबर की दोपहर से 8 सितंबर के शुरुआती घंटों तक अपनी स्थानिक स्थिति में लगभग स्थिर रही.÷

गुजरात-राजस्थान के बाद अब मध्य प्रदेश में बिपरजॉय का कहर, ये राज्य भी होंगे प्रभावित

मध्य प्रदेश के भोपाल समेत कई जिलों में बिपरजॉय तूफान का असर देखने को मिल रहा है. राजस्थान के बाद चक्रवात ने चंबल के रास्ते एमपी में प्रवेश किया है. कई जनपदों में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हो रही है. प्रदेश के भिंड और मुरैना में तेज बारिश के चलते कई मकान ढह गए हैं और कई घरों में पानी भर गया है. भोपाल में मूसलाधार बारिश हो रही है और ग्वालियर में रुक-रुक बादल बरस रहे हैं. हालांकि, अभी तक किसी के व्यक्ति के हताहत होने की कोई खबर नहीं आई है. बिपरजॉय के प्रभाव से काफी बारिश हुई है जिसकी वजह से कई गांव में ऐसी स्थिति हुई है। तत्काल हमने उस जगह पर आवश्यकता के सामान पहुंचाए और रेस्क्यू किया है। हमने पिछले महीने से जिला कंट्रोल रूम तैयार रखा था और हमने तैयारी भी कर रखी थी÷

सकारात्मक सोच के साथ आगे बड़े सफलता जरूर मिलेगी

अंतराष्ट्रीय विश्व आत्महत्या निषेध दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

श्योपुर ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या निषेध दिवस के अवसर पर निजी कोचिंग संस्थान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में एसपी डा. रायसिंह नरवरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती की पूजा अर्चना करके की गई जिसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया।

संगोष्ठी में एसपी डा. रायसिंह नरवरिया ने कहा कि, आजकल आत्महत्या के प्रकरणों को देखते है तो मन बहुत दुख होता है। हमे आनंदित होकर जीवन को जीना चाहिए। आनंदित होकर प?ाई करनी चहिए अपनी जीवन में निराशाओं को दूर रखना चहिए असफलता ही हमारे जीवन का आधार नही हो सकती ईश्वर ने हमे खास उद्देश्य से बनाया है अपने जीवन में वैकल्पिक मार्ग भी रखे जो लक्ष्य तय किया है अगर वो हाँसिल नही कर सकते तो फिर क्या किया जा सकता है और आत्महत्या के ऐसे विचार नही लाना चाहिए हमे सकारात्मक सोच के साथ आगे बड़ना है मानवीय मूल्यों का पालन करते हुए एक अच्छा नागरिक बनाना है। में भी जीवन में असफल हुआ हूं मगर हार नही मानी परिणाम स्वरूप आपके बीच उपस्थित हूं। अगर आपको कोई परेशानी है तो छात्र-छात्राएं मुझे फोन लगाए मेरे नंबर भी सार्वजनिक है आप निसकोच लगाए। आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर प्रदीप मुदगल ने कहा कि हम छोटे से अवसाद से ग्रसित होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं जो लगत कदम होता है। अंकित वैष्णव, लक्ष्मन गोड़ ने आत्महत्या के कारणों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर राजा खान ने किया। इस अवसर पर संजय माहौर, विनोद बिसारिया, नंदकिशोर जाटव, निशा गुप्ता, दिनेश गौतम सहित छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

श्योपुर में डेंगू, मलेरिया के प्रति लोगों को किया जागरूक

रायपुरा, पीरी करार, ओछापुरा में किया लार्वा सर्वे

श्योपुर ब्यूरो। जिला मलेरिया अधिकारी डा. एसएन बिंदल के निर्देशन में जिले के विकासखंड विजयपुर के रायपुरा, पीरी करार, ओछापुरा में गांवों में लार्वा सर्वे किया गया एवं डेंगू, मलेरिया के प्रति नागरिकों को जागरूक किया। लार्वा सर्वे के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लार्वा सर्वे, लार्वा नष्टीकरण, रेपिड फीवर सर्वे, मच्छरदानी के उपयोग आदि के बारे में विस्तार से लोगों को समझाइश दी गई। मलेरिया की रोकथाम के लिए ग्रामीणों से चर्चा कर बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता हैं ये मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए हमें अपने घर एवं घरों के बाहर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। साथ ही प्रति सात दिवस में हमें पानी के बर्तनों कूलर इत्यादि को साफ करके पानी भरना चाहिए। हमारी जागरूकता से ही हम मलेरिया, डेंगू से बच सकते है तथा वेक्टर जनित रोगों की सतत निंगरानी रखने से बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता हैं। मलेरिया उन्मूलन के बारे चर्चा करते हुए बताया कि, मच्छरों से बचने के अन्य उपाय जैसे मच्छरों को भगाने वाली क्रीम का शरीर के खुले स्थान पर लेप करें तथा रात को सोने से पहले नीम की पत्तियों का धुंआ करे, पूरी अस्तिन के कपड़े पहने व मच्छरदानी का उपयोग करें तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के उपाय बताए गए पानी से भरे स्थानों में जला हुआ इंजीन का आयल डालें या मिट्टी का तेल डालें जिससे मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री के भाषण को एडिट करने वाले तीन पर की एफआईआर, दो गिरफ्तार

श्योपुर ब्यूरो। कोतवाली थाना पुलिस ने तीन युवकों पर टेंपरिंग करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि पिछले दिनों विकास यात्रा के दौरान तीनों युवकों ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की ओर से की गई नारेबाजी को टेंपरिंग करके उनकी आवाज बदलकर जिंदाबाद के नारे को मुर्दाबाद बोलकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसे लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके खिलाफ धारा 505 के तहत मामला दर्ज किया है और दो को गिरफ्तार कर लिया है। एक अभी फरार है। पुलिस ने बताया कि 2 दिन पहले जब केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विकास यात्रा रथ पर सवार होकर श्योपुर से मुरैना के लिए विकास यात्रा लेकर जा रहे थे, तब उन्होंने रास्ते में भाषण देकर नारेबाजी भी की थी। इसे आरोपी अशोक गौड़, सुमेर रावत और गणेश रावत ने टेंपरिंग करके आवाज बदलकर वीडियो वायरल किए थे। इसे लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर दो दिन पहले वायरल हुआ था, जिसमें वह प्रधानमंत्री के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सुनाई दे रहे थे, पुलिस ने इस वीडियो को टेंपरिंग करके वायरल करना बताया है और इसी मामले को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

आरोपियों के खिलाफ की एफआईआर–इस बारे में श्योपुर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता का कहना है कि विकास यात्रा में केंद्रीय मंत्री के भाषण और नारेबाजी के दौरान के वीडियो को इन तीन आरोपियों ने टेंपरिंग करके आवाज बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसे लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

भाजयुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

श्योपुर ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को संगठन की सदस्य दिलाई गई। मंडल शुभम उपाध्याय ने कहा कि, युवा मोर्चा नगर मंडल की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को भाजपा के कार्यों के संबंध में जानकारियां दी जा रही है। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया। इसमें दो दर्जन लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला मंत्री अक्षय सोनी, महामंत्री हेमंत गौड़, गिर्राज मीणा, उपाध्यक्ष बृजेश गौड, गौरव नामा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टोपीदार बंदूक के साथ युवक गिरफ्ता

श्योपुर ब्यूरो। बरगवां थाना पुलिस ने आपराध की नियत से बंदूक लेकर घूमते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को आंगनबाड़ी केंद्र के पास से पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से टोपीदार बंदूक व 6 छर्रे, पोटाश बरामद किया है। जिसकी कीमत 12250 रुपये है। उक्त युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम नरोत्तम पुत्र देवकिशन आदिवासी निवसी तिचारा हाल गोटरा बताया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

छुरा लेकर घूमते युवक गिरफ्तार

श्योपुर ब्यूरो। विजयपुर थाना पुलिस ने अपराध की नियत से छुरा लेकर घूमते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को किले के पास गांधी चौक से पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से लोहे का छुरा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अरमान पुत्र हनीफ खान निवासी किला मोहल्ला बताया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आमर्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

30 करोड़ लागत से बनी ढोढर केनाल रोड़ जगह-जगह से उखड़ी

शनिवार के कांग्रेस ने केनाल रोड़ पर किया प्रदर्शन

श्योपुर। हाल ही में 30 करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क जगह-जगह से उखड़ गई। कांग्रेस ने शनिवार को केनाल रोड पर प्रदर्शन किया। साथ ही कांग्रेस ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के बेनर तले कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि, श्योपुर-ढोढर केनाल रोड़ निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया गया। शिवराज सरकार 50 फीसद कमीशन खोरों की सरकार, जनता की मेहनत की कमाई 50 फीसद शिवराज ने खाई स्लोगन लिखी तख्तियां हाथो में लिए नारेबाजी करते हुऐ प्रर्दशन किया। श्योपुर-ढोढर केनाल रोड़ जो जंगल क्षेत्र के लोगों का सबसे अधीक आवागमन का मार्ग है, जिस पर 2018 में सड़क निर्माण के लिऐ 30 करोड रुपये का टैंडर हुआ था। रोड़ का कार्य भी देरी से शुरू किया जो अभी भी पूर्ण नही है जगाह जगाह काम छोड़ दिया गया है और जो भी काम हुआ वह एक दम घटिया स्तर का हुआ है कही जगह रोड़ पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं और रोड़ का डम्बर उखड़ गया है। कांग्रेस ने अपने आरोपों में कहा की यह हालत इसी रोड का नही है जिले में और भी तमाम सड़के जो भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव योगेश जाट, सेवादल अध्यक्ष डा. कमल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष मांगीलाल सुमन, माथुरालाल बैरवा, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष इमरान खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी शिवहरे, अनवर बालापुरी, महावीर सुमन, राजू वैष्णव, पुष्पराज यादव, सखावत खान, रज्जाक अहमद, कवि गुर्जर, वहीद खान, शमीम खान, मीना माहौर, मुन्नी बाई, नासिर खान,बजरंग लाल बैरवा, हरिमोहन बैरवा, सतवीर, चेतराम, मलखान बैरवा, रामदयाल नायक, प्रकाश नायक आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बेहतर इंसान बनने के लिए न सीमित संख्या न प्रतियोगिता

कलेक्टर संजय कुमार ने अपने नवाचार अरमानो के पंख कार्यक्रम के तहत शनिवार को हायर सैकेंडरी विद्यालय मानपुर के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि बेहतर इंसान बनने के लिए किसी प्रकार का कम्पटीशन नही है और न ही सीमित संख्या है, यह कोई कठिन परीक्षा नही है, जिसमें प्रतिस्पर्धा हो, कोई भी व्यक्ति अपने स्वभाव, व्यवहार, आचरण से एक अच्छा इंसान बन सकता है, इसलिए अच्छे प्रोफेशन के साथ-साथ हमें एक अच्छा इंसान भी बनना है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर एवं मानपुर विद्यालय का स्टॉफ भी उपस्थित था।कलेक्टर संजय कुमार ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि अपने आप को व्यक्त करना बहुत जरूरी है, व्यक्ति इसीलिए कहा जाता है कि हम अपने आप को व्यक्त करते है। इंसान को विचारवान बनाया गया है तथा बुद्धि और क्षमता से सामर्थ्य प्रदान किया है, जिससे हम अच्छे-बुरे का फर्क समझ सकते है, सदैव अपने व्यवहार के प्रति जागरूक रहें। आत्म मंथन करें कि हमने कोई गलत काम तो नही किया है, या किसी के साथ गलत व्यवहार तो नही किया है। हमें अपनी गलती स्वीकारने में हिचकिचाना नही चाहिए, यदि हम हमारे व्यवहार से किसी को दुख पहुंचा है तो हमें तत्काल क्षमा मांगनी चाहिए, वर्तमान में मानव स्वभाव ऐसा हो गया है कि हम गलती करते है और उस गलती को जायज ठहराने में लग जाते है, इसलिए गलतियों को हमेंशा रिलाइज करते हुए अपने व्यवहार में सुधार लाने का कार्य करते रहें। सुधार की प्रक्रिया जीवन में सतत् रूप से चलती रहनी चाहिए, गलतियां होना मानवीय स्वभाव है, लेकिन उस गलती को रिलाइज करना और उसमें सुधार करना हमें एक श्रेष्ठ और नेक इंसान बनाता है। समाज में अच्छे इंसान की पहचान एक अलग रूप में होती है, अच्छे व्यक्ति जहां भी जाते है वहां अपने चरित्र और आचरण की खुशबू से सभी के अंर्तमन को महका देते है। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें इंसान की शक्ल देकर पैदा करता है लेकिन अपनी अक्ल से हम अपने जीवन को संवारते है, जैसे हम साफ-सफाई के लिए घर में झाड़ू पोछा लगाते है इसी प्रकार हमें हमारे अर्तमन में भी समय-समय पर झाड़ू लगाना चाहिए, जिससे परोपकार, सदव्यवहार, प्रेमपूर्ण आचरण की भावनाएं मन में बनी रहे। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ इंसान के साथ-साथ श्रेष्ठ प्रोफेशन भी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। जीवन निर्वाह करने के लिए हम किसी न किसी भूमिका में अपनी आजीविका उपार्जन करते है। विद्यार्थी जीवन के दौरान हम अपने कैरियर को लक्ष्य बनाकर उस ओर तैयारी करते है। सबकी परिस्थितियां अलग-अलग हो सकती है, लेकिन परिस्थितियों को बदलने की क्षमता हर एक इंसान में होती है। दृढ संकल्प के साथ अपने प्रोफेशन को पाने के लिए मेहनत करें। यह रास्ता कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नही है।

कार्यालय नगर परिषद मालनपुर जिला भिण्ड (म.प्र.)

mail id-cmomalanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक / ई-टेण्डर/निर्माण / 2023 / 829 — मालनपुर दिनांक 11 / 09 / 23

/ / ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https. www.mptenders gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2023_UAD_306435_1	वार्ड क्र 01 से 08 तक सभी वार्डो में सड़क निर्माण कार्य	1. 09 माह 2. 04.22 लाख	1. 2000/- 2. 4228/-	25.09.2023
2.	2023_UAD_304812_1	कार्यालय नगर परिषद की बिल्डिंग हेतु निर्माण कार्य	1. 12 माह 2. 74.54 लाख	1. 10000/- 2. 55912/-	09.10.2023
3.	2023_UAD_305700_1	वार्ड के 09 में श्री रामप्रकाश कुशवाहा के मकान से आदिवासी मोहल्ला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 12.06 लाख	1. 2000/- 2. 9047/-	10.10.2023
4.	2023_UAD_306447_1	वार्ड क्र. 12 में श्री चंचल के मकान से श्री राजबहादुर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 19.50 लाख	1. 2000/- 2. 14629/-	10.10.2023
5.	2023_UAD_306446_1	वार्ड क्र. 12 में श्री मनोज वर्मा से श्री अनूप के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 16.29 लाख	1. 2000/- 2. 12223/-	10.10.2023
6.	2023_UAD_306450_1	वार्ड क्र. 14 में शीतला माता मंदिर से गंगाराम के मकान से होते हुए सोनू तोमर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य।	1. 03 माह 2. 17.18 लाख	1. 2000/- 2. 12890/-	10.10.2023
7.	2023_UAD_306451_1	वार्ड क्रं. 14 में रवि बाल्मीक के मकान से मायाराम बाल्मीक के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 05.57 लाख	1. 2000/- 2. 5557/-	25.09.2023
8.	2023_UAD_306449_1	वार्ड क्र. वार्ड के 15 मे मैन रोड से डी.पी. तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 24.56 लाख	1. 5000/- 2. 18426/-	10.10.2023

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https www. mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जायेगा प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

श्रीमती रायश्री मुकेश किरार
अध्यक्ष
नगर परिषद मालनपुर भिण्ड

श्री मनोज कुमार शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मालनपुर भिण्ड

लहार से कमल को जिताओ बिकाश हम पर छोड़ो-नरोत्तम मिश्रा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

आमसभा को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस सिर्फ नही।उन्होंने जनता से सबाल किया कि कोरोना की दवा किस किस ने ली तो सभी ने हाथ उठा दिए,फिर उन्होंने सबाल किया कि दवा का पैसा किस किस ने दिया तो किसी ने हाथ नहीं उठाया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुरक्षा,स्वास्थ्य की चिंता करती हैं।आप कमल के बटन यहां दवाएं वहां पाकिस्तान में दहशत पैदा होने लगती हैं।मनमोहन सिंह के शासन में पाकिस्तान हमसे कश्मीर मांगता था आज मोदी जी के शासन में भीख मांग रहा है।उन्होंने आगे कहा कि अभी त 20 समिट का समापन हुआ है।पहले भारत के मसले बिदेशो में सुलझाए जाते थे अब बिदेश के मसले भारत में सुलझाए जाते हैं।यह कमल के बटन की ताकत है। आपके कमल का बटन दबाने से सेना का मनोबल बड़ता है।एक समय हम कश्मीर में झंडा नही फहरा सकते थे पर आज हम चाँद पर झंडा फहरा रहे हैं यह सब कमल के बटन की ताकत है।उन्होंने कॉंग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा की कॉंग्रेस में सिर्फ दो नेता है एक कमलनाथ जो उधोगपति है और दूसरे दिग्विजय सिंह जो राजा है तो यह दोनों किसानों के मन की बात और उनके मन की व्यथा,दर्द को क्या समझेंगे।वहीं वरिष्ठ नेता प्रभात झा ने भी कॉंग्रेस पर बार करते हुए कहा कि कॉंग्रेस की 15 महीनों की सरकार ने आमजनता,किसानों व युवाओं के साथ छल किया है जिसका परिणाम उन्हें इस बार चुनाव में देखने की मिलेगा जब आमजनता उन्हें आईना दिखायेगी।इस दौरान उन्होंने मौजूद जनता की भाजपा की उपलब्धियां गिनाई साथ ही शासन की योजनाओं का बखान भी किया।इस दौरान जनआशीर्वाद यात्रा में सांसद,पूर्व विधायक,प्रदेश कार्य समिति सदस्य व मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दबोह- लहार से अबकी बार कमल को जिताओ ओर बिकास हम पर छोड़ो आप लोग पड़ोसी जिला दतिया में विकास देख रहे होंगे उक्त बात देर रात दबोह पहुची जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान प्रदेश के ग्रहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने नगर दबोह के झंडा चौक पर झूठ बोलने का काम करती हैं।आप को इस भम्र में नही आना है।उन्होंने कॉंग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा की जो घोषणाएं कमलनाथ कर रहे वह योजनाएं अपने राजस्थान,छत्तीसगड़ में क्यो नही दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस हम से बराबरी करे बुराई

निगडी वडेर की नई युवा कार्यकारिणी गठित

पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा

पुणे ।अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रांत के निदेर्शानुसार श्री सीरवी क्षत्रिय समाज निगडी प्राधिकरण, पुणे के अंतर्गत श्री सीरवी क्षत्रिय समाज युवा मंच निगडी वडेर की नई युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया । विद्यमान वरिष्ठ संचालक मंडल श्री सीरवी क्षत्रिय समाज निगडी श्री आई माता मंदिर के अध्यक्ष श्री. तेजारामजी लचेटा की अध्यक्षता एवं संचालक मंडल के द्वारा नई युवा समिति का गठन किया गया। सभा का शुभारंभ आईमाताजी के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। सीरवी क्षत्रिय समाज में युवा ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़े एवं समाज के विकास कार्य में सहायता करें इस बात को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द युवा मंच की स्थापना करने की अपिल पर श्री सीरवी क्षत्रिय समाज निगडी द्वारा त्वरित निर्णय लेकर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके लिए संपूर्ण संचालक मंडल एवं श्री सीरवी क्षत्रिय समाज निगडी के सभी युवाओं ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी गठित

किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रकाश सोलंकी, उपाध्यक्ष पुरण पवार, सचिव उमेश आगलेचा, सह-सचिव सुरेश गेहलोत, कोषाध्यक्ष नरेश परिहारिया, सह-कोषाध्यक्ष गजेंद्र सोमतरा, कार्य-अध्यक्ष मनीष सोमतरा, सह कार्य-अध्यक्ष निलेश काग, संघटक मुकेश सैणचा, सह-संघटक सुरेश सोयल, खेल अध्यक्ष मदन भायल, खेल उपाध्यक्ष नरेश गेहलोत एवं कमेंटी सदस्य सुरेश लचेटा, दिनेश लचेटा, अशोक काग, सुरेश होम्बड, भुराराम वर्पा, रामलाल काग, महेंद्र आगलेचा, रूपेश सोलंकी, दिनेश काग, विजय सेपटा, थानाराम सैणचा, विनोद भायल, सुरेश पवार, गिरीश गेहलोत, अशोक आगलेचा को जिम्मेदारी दी गई।

सरस्वती तहसील की अजीमाना विद्यालय में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की कबड्डी प्रतियोगिता

पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुजरात। पाटन जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की कबड्डी प्रतियोगिता अजीमाना माध्यमिक विद्यालय में इंचार्ज डीपीईओ एवं डीईओ श्री अशोक भाई चौधरी की उपस्थिति में हुई।जिला रमत कामत अधिकारी कार्यालय, स्पॉर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया एवं जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 27 टीमों ने भाग लिया.मौके पर जिला खेल अधिकारी समेत डीईओ कार्यालय के अधिकारी मौजूद थे.जिला व्यायाम मंडल के अध्यक्ष श्री कुबेरभाई चौधरी सहित तालुकों से उपस्थित व्यायाम शिक्षकों ने सुचारू संचालन किया।

सीरवी निगडी पुणे ने जीती प्रतियोगिता

पुष्पाजंली टुडे

पुणे । आईजी कप पुणे 2023 का भादवा सुदी बिज के उपल्क्ष में सीरवी क्षत्रिय समाज प्राधिकरण निगडी पुणे व सीरवी स्पोर्ट्स क्लब पुणे के तत्वावधान में सीरवी स्पोर्ट्स क्लब निगडी पुणे द्वारा शुटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पाटिदार मैदान संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पुणे की 11 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता टीम निगड़ी पुणे रही। वही उप विजेता बिबवेवाडी पुणे रही। बेस्ट शुटर महेंद्र काग रहे । बेस्ट नेटी देव, बेस्ट डिफेंडर लालाराम गेहलोत, बेस्ट कोमेमटेटर लादुराम काग रहे। बेस्ट मैनेजमेंट खेल मंत्री मिश्रीलाल गेहलोत रहे। विजेता खिलाड़ियों को कमेटी की तरफ से मोमेंटो से सम्मानित किया गया ।इस आयोजन को सफल बनाने में निगडी वडेर के अध्यक्ष तेजाराम लचेटा व सचिव नेमाराम गेहलोत, पोमाराम परिहारिया संपूर्ण कार्यकारिणी कमिटी सदस्यों ने व्यवस्था में सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में वडेर की तरफ से बच्चों को वार्षिक उत्सव व पुरुस्कार वितरण किया गया।भोजन प्रसाद की व्यवस्था निगड़ी वडेर की तरफ से की गई ।व्यवस्थापक में नवनिर्वाचित युवा अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी, पुरण पवार व उनके पुरे युवा मंडल ने की और सीरवी स्पोर्ट्स क्लब कमिटी पुणे के अध्यक्ष मिश्रीलाल, भीकाराम गेहलोत, हकाराम राठौ?, भुपेंद्र वरपा, लालाराम गेहलोत एवं संपूर्ण कमिटी मेंबर व इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे । इस मौके पर शहर के विभिन्न क्षेत्र के संस्थाओं के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। संस्था की तरफ से सीरवी क्षत्रिय प्राधिकरण निगडी पुणे पदाधिकारी व सदस्यगण व सहलाकार मंडल व युवा मंडल व कमेटी पदाधिकारी तेजाराम लचेटा, मोहनलाल आगलेचा, रूपाराम पंवार, नेमाराम गेहलोत, पोमाराम परिहारिया, रामलाल सोलंकी, शेषाराम सातपुरा, सोहनलाल सोलंकी, धनाराम गेहलोत, मांगीलाल पंवार, जगाराम सोलंकी, रामलाल लचेटा, पुखराज गेहलोत एवम मुख्य भामाशाह रमेश भाई लचेटा (सुर्या गुरूप) पुणे का भी अच्छा योगदान रहा। प्रतियोगिता आयोजन कार्यक्रम की लाईव कवरेज समाज का यूं ट्यूब पर लाईव रहा। इस मौके पर सीरवी स्पोर्ट्स क्लब निगडी के सदस्य लालाराम सैणचा, वागाराम भायल, रामलाल चोयल, देवाराम परिहारिया, मुकेश देव?ा, उमेश चोयल, महेंद्र काग, दिनेश चोयल, यश भायल, अशोक सिंदरा, हीरालाल पंवार, राजुराम भायल, सजन गेहलोत, वेनाराम लचेटा, गोविंद परिहार, हरिश भाई काग, लादुराम काग, प्रकाश सोलंकी का योगदान रहा।समाज के अध्यक्ष ने सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि समाज में ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहेंगे।

आध्यात्मिक कार्यक्रम में व्यापारियों ने लिया भाग

पुष्पाजंली टुडे

चेन्नई । ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पोरुर चेन्नई ब्रांच रविवार सुबह 11बजे सभी व्यापारियों के लिए अध्यात्मिक कार्य क्रम रखा गया जिसमें तमिलनाडु व्यापारी तलेवर आदरणीय विक्रमराजा मधुरवायल क्षेत्र विधायक गणपति के और तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी तेजानंद, भभुतराम जाट, मधुरवायल पावन ब्रोकर संघ अध्यक्ष जबरचंद जैन, कोषाध्यक्ष विजयराज पंवार, रामापुरम एरिया सचिव दीपाराम पंवार, वलसरवाकम एरिया सहलाकार राजेशकुमार मुलेवा, रोयोपेट्टा ट्रिप्लीकेन सचिव नारायणलाल चोयल और भी गणमान्य सज्जनों ने भाग लिया। जिसमें ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सीनियर सिस्टर डॉ मुतुमणी ने व्यापारियों के जीवन में स्थूल लाभ के साथ साथ सुक्ष्म लाभ अर्थात खुशी सुख शांति और तनावमुक्त जीवन कैसे जीए युवाओ को नशा मुक्त कैसे रखें भगवान को साथ रखकर व्यापार करने से नुकसान हो नहीं सकता आदि पर बताया। विधायक गणपति ने कहा ब्रह्माकुमारी भी देश की अपने ही तन मन धन से भारतको तमो प्रदान से सतो प्रदान बनाने की सेवा करते हैं। और विक्रम राजा ने कहा की हम व्यापारी सुबह से शाम रात्रि तक आपना भोजन व नींद को त्याग कर भी सेवाओं करते हैं स्वामी तेजानंद ने भी सच्चाई की कभी भी जीत होती है सच्चाई से व्यापार करना चाहिए । बाद में सभी ने ब्रह्मा भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

अराइज एवं ए-वे फाउंडेशन समिति (नाबार्ड) द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए उपकरण एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम

अशोक पाठक/9399969531

09 सितम्बर 2023 को विकासखंड मुरार जिला ग्वालियर में अराइज एवं ए-वे फाउंडेशन समिति द्वारा अचलेश्वर महादेव कृषक उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित (एन.सी.डी.सी) और अस्टसिद्धि एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (नाबार्ड) के सहयोग से संचालित किये जा रहे है एफ.पी.ओ के किसानो को कुछ समय पहले

ज्वार के बीज वितरित किये गए थे इसी क्रम में एफ.पी.ओ के किसानो प्राकृतिक खेती करने किये लिए प्रोत्साहित

किया गया और 10 किसानो को जीवामृत बनाने की उपकरण किट (ड्रम, टब, स्प्रे मशीन) एवं प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत बनाने की पूरी सामग्री (गुड़, बेसन, गौ मूत्र, गोबर, एजेक्टो बेक्टर) नि-शुल्क वितरण किये गए।

जैतवारा थाना प्रभारी ने निगरानी गुंडा बदमाशों को तलब कर कराई

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

सतना - पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विक्रम सिंह के निर्देशन एवं मुख्यालय डीएसपी विजय सिंह के मार्गदर्शन में जैतवारा थाना प्रभारी निरीक्षक श्वेता मौर्य के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के निगरानी गुंडा बदमाशों को थाना परिसर में तलब कर परेड कराई और सभी निगरानी गुंडा बदमाशों से स्वतः बातचीत कर सभी के जीवन निर्वाह की जानकारी लेते हुए उनके आय के स्रोतों की भी जानकारी ली साथ ही आगामी चुनाव के मद्देनजर तलब शुदा निगरानी गुंडा बदमाशों को सदचरित्र से रहने एवं किसी भी प्रकार के असमाजिक गतिविधियों में संलिप्त न रहने की हिदायत दी अन्यथा की दशा में सख्त से सख्त कार्यवाही की भी थाना प्रभारी द्वारा बात कही गई। उपस्थित गुंडा बदमाशों ने शपथ पत्र भरकर आदेश का पालन करने का वचन दिया।

जंगली सुवर के आतंक से किसान परेशान

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

सतना जिले के कोठी तहसील अंतर्गत नचनौरा सुसूवर खोखली अमीलपुर सहित कई गांव के किसान जंगली सुवर के आतंक से परेशान जंगली सुवर हजारों के संख्या में पूरी फसल को चौपट कर रहे हैं एक तरफ बारिश न होने कारण धान की फसल पहले ही आधी रह गई है थोड़ी बहुत उड़द और मूंग की फसल बची है जिसको जंगली सूअर तबाह कर रहे हैं खेत का खेत नष्ट कर रहे हैं फसल के साथ-साथ आदमियों को खतरा बढ़ रहा है इतनी संख्या में सूअर है कि खेत में किसान को भी दौड़ा रहे हैकभी भी जंगली सूअर से जनहानि हो सकती है अगर जल्द ही जंगली सूअर की रोकथाम ना की गई तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा जंगली सूअर के नुकसान की भरपाई भी किसान को नहीं मिल रही है कई बार पटवारी पंचनामा बनवाकर कोठी तहसील को भी दिया गया है और जंगल विभाग को भी फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है

सती माता मंदिर में भरा पानी को नगर परिषद द्वारा निकाला गया

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर/ नगर परिषद क्षेत्र मालनपुर में हुई हो रही 2 दिन से बारिश से प्राचीन सती माता मंदिर परिसर में पानी भरने से मंदिर की देखरेख करने वाले पास के रहने वाले आसाराम भदोरिया ने परिषद में सूचना दी की मंदिर परिसर में पानी भर गया है तो नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश किरार ने तत्काल पंप लगाकर पानी परिसर क्षेत्र निकाला जा रहा है और कहा कि सती माता मंदिर में आने से पानी न भरे हो ऐसी व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी इसी तरह 15 वार्डों में भी जल भराव रहता है तो तुरंत नगर परिषद को सूचना दें जिससे नगर परिषद कर्मचारी पहुंचकर स्थाई या अस्थाई व्यवस्था करने की तैयारी करें हम पानी निकासी के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं

12 सितंबर को पंचायत भवन पनगरा में निःशुल्क नेत्र शिविर का किया जा रहा आयोजन

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

सतना- भाजपा नेत्री एवं समाज सेविका श्रीमती रानी बागरीएवं श्री सदुरु सेवा संघ चिकित्सालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पनगरा के पंचायत भवन में 12 सितंबर को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। अधिक से अधिक लोग निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठा सके इसके लिए भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री एवं समाज सेविका प्रियंका रानी बागरीद्वारा क्षेत्र घर घर पहुंच लोगों से जनसंपर्क कर इसकी जानकारी दी जा रही है। प्रियंका रानी बागरी ने बताया कि यह आयोजन निरंतर आप दोनों के द्वारा पिछले कई महीने से किया जा रहा है। रैगांव विधानसभा के हर क्षेत्र में शिविर का आयोजन करके लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है। लोग अपना आधार कार्ड लेकर शिविर में पहुंच निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारियों द्वारा शुरू की गयी अनिश्चित कालीन हड़ताल छठवे दिन भी जारी रही।

रीवा। शासन प्रशासन से अपनी मांगें पूरी करवाने के लिये 6सितम्बर से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के लगभग 150से अधिक कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से शुरू की गयी अनिश्चित कालीन हड़ताल आज छठवे दिन भी जारी रही,लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अभी तक नहीं ली गयी इनकी कोई खोज खबर। अपनी जायज मांगों को लेकर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे सहकारी बैंक के कर्मचारियों का कहना है कि हमारी अनिश्चित कालीन हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक कि शासन प्रशासन द्वारा हमारी मागों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर उसे पूरा करने का ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता। हड़ताल कर रहे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें वर्ष 2015 से महगाई एवं वेतन वृद्धि दिलाई जाय साथ ही वर्ष 2018 में चयनित अनुकम्पा नियुक्ति एवं यल डी बी से आये कर्मचारियों को छठवा वेतनमान दिलाया जाय अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष संतोष गौतम, दिलदार खान, बृजेश तिवारी, लालजी मिश्रा, महेन्द्र मिश्रा, अर्चना मिश्र, गणेश वर्मा, देवेश दत्त, राजेश मिश्रा, लवकुश उर्मलिया, सुगम पाण्डेय सहित समस्त कर्मचारी शामिल रहे।

संपादकीय

अद्वितीय आदित्य मिशन

चंद्रयान मिशन की कामयाबी के कुछ ही दिनों बाद भारत के सूर्य मिशन की कामयाबी ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। सूर्य के अध्ययन के लिये भेजे गये आदित्य एल–1 मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष में एक ऑब्जर्वेटरी स्थापित की जाएगी, जिसके जरिये धरती के नजदीकी ग्रह सूर्य के कई रहस्यों से पर्दा उठाने की कोशिश की जाएगी। साथ ही अंतरिक्ष की कई हलचलों, मसलन सोलर विंड आदि का भी अध्ययन किया जायेगा। हालांकि यूरोपियन एजेंसी समेत कई देशों ने इस तरह के मिशन भेजे हैं, लेकिन भारत जैसे विकासशील देश द्वारा सीमित संसाधनों के साथ ये लक्ष्य हासिल करना बड़ी उपलब्धि है। पीएसएलवी–सी 57 के जरिये अंतरिक्ष में भेजे गये आदित्य मिशन का बिलकुल सूर्य के पास जाना संभव नहीं है, लेकिन वह एक निर्धारित स्थान लैंगरेंज प्वाइंट से सूर्य की क्रियाओं का अध्ययन करेगा। दरअसल, लैंगरेंज प्वाइंट अंतरिक्ष में एक ऐसा स्थान है जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है। इस स्थान पर अंतरिक्ष यान में ईंधन की सबसे कम खपत होती है और वह अधिक समय तक काम कर सकता है। सात पेलोड्स लेकर गया यह यान सूर्य की सतह पर ऊर्जा व अंतरिक्ष की अन्य हलचलों का अध्ययन करेगा। इसके अलावा अंतरिक्ष के मौसम पर भी इसकी नजर रहेगी। निश्चित रूप से सौर हलचलों के अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में नई जानकारी मिल सकेगी। निस्संदेह, ये नई जानकारियां मानवता के कल्याण में मददगार बनेंगी।बहरहाल, इस कामयाबी से उत्साहित इसरो को आशा है इस मिशन के जरिये हम सूर्य के बारे में नई जानकारी जुटाने में कामयाब हो सकेंगे। ये तथ्य हमारी वैज्ञानिक उन्नति में भी सहायक बनेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि महज चार साल में बेहद कम लागत में इसरो अपने इस महत्वाकांक्षी मिशन को मूर्त रूप दे पाया है। बेहद कम बजट में बड़े मिशनों को अंजाम देने की इसरो की विशेषता का पूरी दुनिया ने लोहा माना है। पिछले दिनों दुनिया की महाशक्ति रूस व अन्य बड़े देशों के मिशनों की विफलता से इतर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान का सफल मिशन भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा की कहानी कह रहा है। भारत की कामयाबी का एक अध्याय मंगल मिशन भी था। ऐसा करने वाला भारत एशिया का पहला देश था। इसी कड़ी में इसरो अपने महत्वाकांक्षी मानवयुक्त मिशन को अंतिम रूप देने में जुटा है। बहरहाल, रविवार को आदित्य एल–1 यान को दूसरी कक्षा में भेजकर इसरो ने बता दिया है कि मिशन सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। वैसे तो लैंगरेंज पॉइंट तक पहुंचने में आदित्य एल–1 को करीब चार माह का समय लगेगा। सर्वविदित है कि हमारे सोलर सिस्टम के केंद्र में स्थित सूर्य की अक्षय ऊर्जा से ही पृथ्वी पर जीवन संभव हो पाता है। अब इस मिशन से होने वाले अध्ययन से पता चल सकेगा कि सूर्य में होने वाले रासायनिक बदलाव हमारी धरती के जीवन व अंतरिक्ष को किस तरह प्रभावित करते हैं। धरती पर जीवन ऊर्जा के मुख्य स्रोत सूर्य के बारे में इस मिशन के जरिये मिलने वाली जानकारी निस्संदेह, मानवता के कल्याण में सहायक होगी।

सिंगापुर के नए राष्ट्रपति

आदित्य नारायण

सिंगापुर में भारतीय मूल के थर्मन का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना भारत के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि भारत और सिंगापुर के द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में उनके साथ काम करने में उन्हें खुशी होगी।

सिंगापुर के लोगों ने भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम को अपना नया राष्ट्रपति चुन लिया है। थर्मन को रिकार्डतोड़ 70.4 फीसदी वोट हासिल हुए। उन्होंने वर्ष 2011 के बाद पहली बार हुए राष्ट्रपति चुनाव में चीनी मूल के दो प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। अर्थशास्त्री थर्मन 2011 से 2019 तक सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री रहे हैं। उन्होंने वित्तमंत्री के रूप में भी काम किया है। वे एक अच्छे वक्ता और सिंगापुर के सबसे जाने–माने राजनेताओं में से एक हैं। वे पिछले 20 सालों से अधिक समय तक पीपल्स एक्शन पार्टी से जुड़े रहे हैं। यद्यपि नस्लीय राजनीति के लिए जानी जाने वाली ध्सिंगापुर की पीपल्स एक्शन पार्टी के नेता यह कहते रहे हैं कि सिंगापुर चीनी बहुसंख्यक देश है, जहां के लोग अल्पसंख्यक समुदाय के किसी व्यक्ति को नेतृत्व नहीं करने देंगे। लेकिन थर्मन शनमुगरत्नम ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा और देश की जनता ने उन्हें सर्वोच्च पद पर आसीन कर दिया। सिंगापुर में भारतीय मूल के थर्मन का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना भारत के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि भारत और सिंगापुर के द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में उनके साथ काम करने में उन्हें खुशी होगी। थर्मन शनमुगरत्नम की पर्सनल लाइफ देखें तो इनके परिवार के कुल 6 सदस्य हैं। उनकी पत्नी युमिको इटोगी ने उनके जीवन और करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके चार बच्चे हैं जिनका नाम माया, आकाश, कृष्ण और अर्जुन है। थर्मन शनमुगरत्नम के बच्चे अपने माता–पिता के नक्शेकदम पर चले हैं। सबसे बड़ा बच्चा माया एक सामाजिक उद्यमी और वकील है, जबकि दूसरा बच्चा आकाश एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वहीं दो छोटे भाई–बहन कृष्ण और अर्जुन क्रमांक इकोनॉमिक, पॉलिटिक्स और संगीत, आर्ट्स के स्टूडेंट हैं। थर्मन शनमुगरत्नम का पारिवारिक जीवन उनके राजनीतिक करियर की तरह ही गतिशील और प्रेरणादायक है। उनके बच्चों को सार्वजनिक सेवा के लिए अपने माता–पिता का उत्साह विरासत में मिला है। हर एक बच्चे ने अनूठे रास्ते बनाए हैं। थर्मन शनमुगरत्नम ने सिंगापुर के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। थर्मन शनमुगरत्नम का जन्म 1957 में हुआ था। सिंगापुर में राष्ट्रपति की भूमिका मौटे तौर पर औपचारिक होती है और उन्हें अधिक शक्तियां नहीं दी जातीं। हालांकि सिंगापुर के वित्त भंडार से जुड़ी कुछ ताकत उनके हाथों में जरूर होती है। राष्ट्रपति के पास सरकार और सार्वजनिक मामलों में बोलने की शक्ति बेहद सीमित होती है। सरकार के पास राष्ट्रपति को पद से हटाने की ताकत होती है। यहां की सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि राष्ट्रपति, पूरी स्वतंत्रता के साथ बात नहीं कर सकते और उनकी भूमिका कुछ वैसी ही रहेगी जैसी ब्रिटेन में महारानी की। माना जाता है कि ये औपचारिक पद उन नेताओं के लिए सही हो सकता है जो शांत स्वभाव वाले हैं और विवादों से दूर रहना पसंद करते हैं, जैसा कि पहले के कई राष्ट्रपति थे। थर्मन का कौशल लाजवाब है। वो संध्युक्त राष्ट्र और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष जैसे वैश्विक संगठनों में काम कर चुके हैं। एक समय वह भी था जब यह कहा जा रहा है कि वह मुद्राकोष के प्रमुख बन सकते हैं। गैर चीनी मूल के नेता पहले भी सिंगापुर के राष्ट्रपति रहे हैं लेकिन यह पहला मौका है जब इस पद की दौड़ में मुकाबले के बाद किसी ने जीत हासिल की है। उनकी जीत चीनी नस्लवाद के खिलाफ एक बुलंद आवाज की जीत है। थर्मन की जीत ने यह साबित कर दिया कि वह केवल अल्पसंख्यक समुदाय के नेता नहीं हैं बल्कि पूरे देश के नेता हैं। उनकी जीत भारत के लिए महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि भारत और सिंगापुर के बीच घनिष्ठ संबंधों का एक इतिहास रहा है। सिंगापुर के साथ भारत के संबंध चोल वंश के समय से चले आ रहे हैं। 1965 में सिंगापुर की आजादी के बाद दोनों देशों के संबंध लगातार घनिष्ठ होते गए और 1990 के दशक में भारत के आर्थिक सुधारों और भारत की लुक ईस्ट नीति ने संबंधों की नई रूपरेखा सृजन कर डाली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में सिंगापुर यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सामरिक साझेदारी के संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। सिंगापुर की 3.9 मिलियन की आबादी में भारतीय लगभग 9.1 प्रतिशत यानि 3.5 लाख हैं। उन्होंने सिंगापुर के आर्थिक विकास, सामाजिक ताने–बाने और सांस्कृतिक विविधता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सिंगापुर आसियान में भारत के सबसे बड़े व्यापार और निवेश भागीदारों में से एक है। दोनों देशों ने राजनीतिक साझेदारी को काफी विकसित किया है। सिंगापुर की कम्पनियों ने भारत में बुनियादी ढांचा परियोजना में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उम्मीद है कि थर्मन शीघ्र ही भारत का दौरा करेंगे और दोनों देशों के संबंधों के नए आयाम स्थापित करेंगे।

चुनावों का खर्चा या सस्ते चुनाव

एक देश–एक चुनाव के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में गठित आठ सदस्यीय समिति में शामिल होने से लोकसभा में कांग्रेस के नेता श्री अधीर रंजन चौधरी ने यह कहते हुए इन्कार कर दिया है कि समिति का सन्दर्भ विषय इस तरह का है कि पहले से ही इसका निष्कर्ष तय हो जाये। श्री चौधरी के कहने का मतलब है यह समिति बनाई ही गई है 'एक देश–एक चुनाव' की सिफारिश करने के लिए। बेशक श्री चौधरी के इस मत से असहमति जताई जा सकती है मगर मूल प्रश्न यह है कि हम बात किस प्रकार के चुनाव सुधारों की कर रहे हैं? भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर ने जब पूरा संविधान लिख लिया तो 25 नवम्बर, 1949 को उन्होंने इस बारे में जो भाषण दिया वह बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें भारत की चुनाव प्रणाली के संरक्षक चुनाव आयोग को भारतीय लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ बताया गया था। दरअसल भारतीय लोकतन्त्र मूलतः जिन चार खम्भों पर बाबा साहेब खड़ा करके गये वे न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व चुनाव आयोग थे। इनमें से दो कार्यपालिका व विधायिका सरकार का हिस्सा थे और दो चुनाव आयोग व न्यायपालिका सरकारी अंग न होकर स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी थे जो सीधे संविधान से शक्ति लेकर अपने दायित्वों का निर्वाह करते चले आ रहे हैं। आजादी के बाद शुरू के तीन दशकों तक चुनाव आयोग की भूमिका बहुत पारदर्शी और शुचितापूर्ण इस प्रकार रही कि भारत की बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था में इसके द्वारा भेदभाव किये जाने की कोई संभावना ही नहीं थी अतः समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने लोकतन्त्र में स्वतन्त्र प्रेस (मीडिया) को चौथा खम्भा कहना शुरू कर दिया और यह धीरे–धीरे स्थापित भी होता चला गया। 1969 तक चुनाव आयोग को लेकर कहीं कोई विवाद या खबर बामुश्किल ही अखबारों की सुर्खियां बन पाई। इस साल जब पहली बार कांग्रेस पार्टी का विभाजन हुआ तो लोगों को पता लगा कि कोई एस.पी. सेन वर्मा नाम का व्यक्ति मुख्य चुनाव आयुक्त भी है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के विवाद पर अपना फैसला देकर न्यायपूर्ण व्यवहार किया और लोगों की वाहवाही लूटी। मगर 1974 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने जब दिल्ली सदर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद स्व. अमरनाथ चावला का चुनाव केवल इसलिए अधोषित किया कि उन्होंने अपने चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित धनराशि से अधिक खर्च किया है तो प्रधानमन्त्री इदिरा गांधी ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम –1951 में संशोधन करके यह प्रावधान किया कि किसी भी प्रत्याशी के चुनाव पर यदि उसका कोई मित्र अथवा उसकी पार्टी जो भी खर्च करेगी वह उसके चुनाव खर्च में शामिल नहीं किया जायेगा तो भारत में चुनाव लगातार महंगे और खर्चीले होते गये और चुनाव खर्च सीमा का कोई मतलब ही नहीं रहा। अतः 1974 में ही शुरू हुए जयप्रकाश नारायण के कथित सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन का मुख्य एजेंडा यह भी बना कि चुनावों को सस्ता बनाने के लिए सरकार संवैधानिक उपाय करे और जनता को चुने हुए प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार भी मिले। जय प्रकाश नारायण ने चुनाव सुधारों की सख्त जरूरत बताई और जनता का आह्वान किया कि वह इसकी आवाज पुरजोर तरीके से उठाये। जेपी ने चुनाव सुधारों के लिए बम्बई उच्च न्यायालय ने अकाश प्राप्त मुख्य न्यायाधीश श्री वी.एम. तारकुंडे की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जिसने आंशिक रूप से सरकारी खर्च से चुनाव कराये जाने के बारे में सिफारिशें भी दीं। जब तक ये सिफारिशें आयी तब तक जेपी आन्दोलन में शामिल पंचमेल पार्टी जनता पार्टी की सरकार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज हो गई थी। इस सरकार ने तारकुंडे समिति की रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डालते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री एस.एल. शकधर के नेतृत्व में एक चुनाव सुधार आयोग का गठन कर दिया। जब तक इसकी रिपोर्ट आयी तब तक 1980 में केन्द्र में इन्दिरा जी की सरकार पुनः आ गई और शकधर रिपोर्ट का वहीं हश्र हुआ जो तारकुंडे समिति की रिपोर्ट का हुआ था। इसके बाद केन्द्र में कांग्रेस सरकार ने गोस्वामी समिति का गठन चुनाव सुधारों पर किया और इसकी कुछ सिफारिसों को लागू भी किया मगर चुनावों के लगातार महंगे और खर्चीला होने से रोकने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। असली सवाल जहां का तहां रहा कि एक नगर पालिका से लेकर विधानसभा और लोकसभा का प्रत्याशी अपने चुनाव पर बेतहाशा धन खर्च कर सकता था। जिसकी वजह से चुनाव लगातार महंगे होते गये क्योंकि इसकी जड़ में अभी तक वह कानून मौजूद है कि प्रत्याशी का निजी खर्च उसके मित्र व पार्टी द्वारा किये गये खर्च के घेरे में नहीं आयेगा। इसलिए असली समस्या तो यही है जिसे हमें हल करना है मगर हम सिर में दर्द है तो इलाज पैरों का कर रहे हैं और एक देश–एक चुनाव की बात कर रहे हैं। कहां तो बात चली थी कि चुनाव सरकारी खर्च से ही होने चाहिए और इसके लिए पृथक से एक कोष स्थापित केन्द्र सरकार को गठित करना चाहिए जिससे गरीब से गरीब राजनैतिक रूप से सजग व्यक्ति भी चुनाव में खड़ा हो सके और जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व कर सके मगर हम आज बात ही सरकारी खर्च को कम करने की कर रहे हैं जबकि राजनीति को बुरी तरह धनतन्त्र और धन्ना सेठों ने अपनी कृपा का पात्र बना लिया है। चुनाव सस्ते बनाने का सम्बन्ध एक बारगी ही पूरे देश में चुनाव कराने से कैसे हो सकता है जबकि विधानसभा के चुनाव में ही एक प्रत्याशी करोड़ों रुपए खर्च करता हो और ग्राम पंचायत के चुनाव में भी लाखों रुपए खर्च किये जाते हों। लोकसभा चुनावों में तो खर्च का कोई हिसाब ही नहीं रहता यह तो अब दसियों करोड़ रुपए से भी ऊपर पहुंच रहा है। जाहिर है कि जब इतना खर्च करने वाले प्रत्याशी मैदान में होंगे तो वे विधानसभा या लोकसभा में पहुंच कर धन सुलभ कराने वालों के हितों को ही साधेंगे। अतः चुनावों को सस्ता बनाना मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

देश को संशय में डालती मोदी सरकार

संसदीय परम्पराओं की अवहेलना करने की आदी हो चुकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने अपनी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश के इतिहास में पहली बार ट्विट के जरिये संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है कि वह न केवल गैरजिम्मेदार है वरन उसका पारदर्शिता से भी कोई लेना–देना नहीं रह गया है। ऐसे वक्त में जब संयुक्त विपक्ष का गठबन्धन इंडियाज (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूजिव एलाएंस) मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितंम्बर को 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति में व्यस्त था, केन्द्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी कि 18 से 22 सितम्बर को विशेष सत्र होगा। भले ही इस सूचना को इंडियाज उपेक्षित कर अपनी कार्यवाही में लगा रहा लेकिन यह एक तरह से देश को अंधेरे में रखने जैसा है क्योंकि यह कार्यप्रणाली किसी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार की नहीं हो सकती। न ही यह इंडियाज की बढ़ती एकता के जवाब में होनी चाहिये। इसे लेकर कई तरह के कयास हैं। इसमें वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा को समय से पहले करा लेने की सम्भावना से लेकर संविधान में संशोधन, चुनाव टाल देने या फिर मोदी को हमेशा के लिये पीएम बनाये जाने जैसी गुंजाइशें टटोली जा रही हैं। चीन द्वारा नया नक्शा जारी करना (जिसमें अरूणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया गया है), मणिपुर हिंसा, गौतम अदानी को लेकर नये खुलासे, महंगाई आदि अनेक विषय हैं जिनके बारे में अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं कि इन मसलों पर सरकार कोई बात करना चाहती है। सही जानकारी किसी के भी पास नहीं है। फिर, हाल ही में तो संसद का सत्र हो चुका है। क्यों नहीं सरकार ने इन विषयों पर तब चर्चा कर ली? सवाल यह भी है कि क्यों लोगों या सांसदों को विषय को लेकर कयास लगाने के लिये छोड़ा जाये? क्यों नहीं सूचना के साथ ही विषय की जानकारी दे दी गई? संसद पर केवल सत्ता का हक नहीं है, जो अन्य लोगों को इसकी सूचना से वंचित रखा जाये। यह सत्र 5 दिनों का क्यों है, जबकि विशेष सत्र एकाध दिन के ही होते हैं? दुर्भाग्य से तमाशों के आयोजनों में पारंगत मोदी सरकार इसे भी इवेंट बना रही है। आखिरकार विशेष सत्र कोई मजाक नहीं होता और न ही उसे सत्तापक्ष का कोई विशेषाधिकार समझा जाये, बावजूद इसके कि सरकार को ऐसा करने का पूरा हक है। तो भी, इस अधिकार का प्रयोग बहुत गम्भीरता सेय और बेहद खास उद्देश्यों को लेकर होना चाहिये। विशेष सत्र का विषय क्या है, यह किन परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है और इसे बुलाये जाने का प्रयोजन क्या है– यह सारा कुछ सरकार को बतलाना चाहिये था। यह सूचना प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से तथा बाकायदा एक अधिसूचना जारी कर नागरिकों को देनी थी। संसद पर पहला हक तो नागरिकों का होता है, चाहे वे स्वयं इसके प्रत्यक्ष सदस्य न हों। जो सदस्य दोनों सदनों में बैठते हैं वे अंततरू जनसामान्य की ही नुमाइंदगी करते हैं। सरकार को पहले तो इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिये थी फिर अपना उद्देश्य बतलाना चाहिये था। मोदी सरकार द्वारा संसदीय गरिमा व परम्पराओं को ध्वस्त करने की पूरी श्रृंखला है, जिसकी एक और कड़ी का सम्बन्ध इसी एपीसोड से है। सरकार ने एक समिति बनाई है जो एक देश एक चुनाव की योजना बनाकर सरकार को सौंपेगी। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को किसी समिति का अध्यक्ष बनाकर सरकार के किसी विभाग को रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है जो कभी सिर्फ उस विभाग का नहीं वरन पूरी सरकार का प्रमुख हुआ करता था। वास्तविकता में चाहे न हो लेकिन संवैधानिक परिभाषा के अनुसार तो वह राष्ट्राध्यक्ष ही है जिसके अधीन पूरा देश होता है। संसदीय प्रक्रिया के अंतर्गत खुद मोदी इन्हीं राष्ट्रपति के अंतर्गत काम कर चुके हैं। न यह कोई पूछने वाला है और न ही कोई बताने वाला कि आखिर एक पूर्व राष्ट्रपति कैसे किसी समिति का प्रमुख बनकर सरकार को कोई रिपोर्ट दे सकता है। कायदे से तो कोई व्यक्ति जिस दिन इस पद पर पहुंचता है, उसी दिन से वह दलगत राजनीति से ऊपर हो जाता हैय पर यह सब तभी सम्भव है जब किसी व्यक्ति या किसी राजनैतिक दल की ही आंखों का नहीं, किसी सरकार की आंखों का भी नहीं, बल्कि पूरे देश की आंखों का पानी मर जाये। अगर एक देश एक चुनाव की बात करें तो यह करा पाना बहुत कठिन है– प्रशासकीय और राजनैतिक दोनों कारणों से अव्यवहारिक। आजादी के बाद हुए पहले चार आम चुनावों के साथ विधानसभाओं के निर्वाचन हुए थे परन्तु तब की परिस्थितियां अलग थीं। आबादी कम थी, चुनावी हिंसा न्यूनतम थी। राजनैतिक दलों के बीच आज के जैसी वैमनस्यता भी नहीं थी। सबसे बड़ी बात कि चुनावों का आकार व स्वरूप विशाल नहीं था।

गुढ़ मे विश्वनाथ सोनी के बालक लकी सोनी के द्वारा नई दुकान गुरुकृपा पैथोलॉजी का शुभारंभ किया गया

रीवाझगुढ़। गुढ़ के पुराने और प्रतिष्ठित व्यवसायी इलेक्ट्रॉनिक से संबंधित कम कर रहे विश्वनाथ सोनी के छोटे बालक लकी सोनी के द्वारा इलाहाबाद बैंक के पास एक नवीन प्रतिष्ठान दुकान का शुभारंभ किया गया है। जिसमें लकी सोनी के द्वारा संजय गांधी अस्पताल से पढ़ाई पूरी कर रीवा के पैथोलॉजी में लगभग 5 से 6 वर्षों तक ट्रेनिंग और काम सीखा और उसके बाद गुढ़ में लोगों को अपने खून की जांच करने में समस्या और रीवा आने-जाने में लोगों को कठिनाई होने के चलते गुढ़ में ही लोगों की सुविधाओं को देखते हुए दुकान संचालित की गई। जहा नवीन दुकान का उद्घाटन कुंवर. कपिध्वज् सिंह भाईया साहब द्वारा किया गया। भाईया साहब का सोनी परिवार की तरफ से फूल माला के द्वारा और साथ ही गुढ़ की जनता ने उनका स्वागत किया।भैया साहब ने कई लोगों की समस्याएं सुनी जो उनके पास आए थे। अपनी समस्या को लेकर उसके बाद उन्होंने पैथोलॉजी दुकान का उद्घाटन किया और लोगों से मुलाकात करके आपसी चर्चा करते हुए गुढ़ के ही कुछ परिवारों में शोक व्यक्त हो गया था जिससे उनके परिवार से मुलाकात कर उनको और उनके परिवार को इस शोककुल परिवार को सात्वना दी और श्रद्धांजलि अर्पित की

गुरुकृपा पैथोलॉजी दुकान का उद्घाटन पंचमगिरी महाराज जी और गुढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता कुंवर कपिध्वज् सिंह भैया साहब के द्वारा किया गया

हरदा में काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित हुए रीवा के सिद्धार्थ श्रीवास्तव

विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

रीवा-! नर्मदा आव्हान सेवा समिति एवं कमल सांस्कृतिक मंच हरदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि समागम में रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव को ÷काव्य गौरव सम्मान 2023÷ से सम्मानित किया गया! कार्यक्रम का आयोजन नर्मदा आव्हान सेवा समिति के प्रमुख कैप्टन किशोर करैंया, कवि जयकृष्ण चांडक, कवि लोमेश गौर एवं कवि शिरीश अग्रवाल ने किया! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री कमल पटेल, वरिष्ठ कवि प्रो. ओमपाल सिंह निडर, साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे भोपाल, वरिष्ठ साहित्यकार ऋषि श्रृंगारी भोपाल, कवि कौशल सक्सेना रायसेन, मोनिका हटीला गुजरात, दीपिका कटरे पुणे, दिनेश याग्निक होशंगाबाद, पंकज अंगार ललितपुर, मुकेश मासूम मालवा, अमित चितवन ग्वालियर, शिवांगी शर्मा प्रेरणा भोपाल एवं अनुराधा पांडेय उपस्थित रही !उक्त आशय की जानकारी युवा कवि राजराखन पटेल ने आज यहां पर जारी अपनी एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी है! श्री पटेल ने अपनी विज्ञप्ति में आगे बताया कि हरदा के माहेश्वरी मांगलिक भवन, हरदा में आयोजित अखिल भारतीय कवि समागम मे जब सिद्धार्थ ने अपना काव्य पाठ किया तो पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा !सिद्धार्थ श्रीवास्तव को सम्मानित किए जाने पर समाजसेवा एवं साहित्य जगत के जिन महत्वपूर्ण लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है उनमें प्रमुख रूप से जन अभियान परिषद के उप निदेशक अमिताभ श्रीवास्तव, संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी, समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी, कौशलेश मिश्रा, संकल्प परौहा, प्रकाश द्विवेदी, शशि मिश्रा, सुजीत द्विवेदी, चक्रपाणि मिश्रा, सुरेश विश्नोई, लईक खान, वरिष्ठ समालोचक डॉ चंद्रिका चंद्र, वरिष्ठ रचनाकार गिरिजा शंकर शुक्ल गिरीश, वरिष्ठ साहित्यकार एवं सिद्धार्थ के गुरु सुभाष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार जगजीवन लाल तिवारी, कवि रामसुन्दर द्विवेदी, रामलखन केवट जलेश, डॉ राजेन्द्र गुप्ता बैकुंठपुरी, अनिल अयान, जानकी प्रसाद पांडेय, साकेत श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, अभिनव सिंह बघेल, अनिल सागर, दिसेश तिवारी, शिवांशु तिवारी एवं हिमांशु तिवारी आदि शामिल है!

लंबित आवेदनों का निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें - डॉ सोनवणे

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। डॉ सोनवणे ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदन पत्रों का निराकरण करके अधिकारी विभाग की ग्रेडिंग सुधारें। अभी भी ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा खाद्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। अधिकारी स्वयं आवेदनों का अध्ययन कर उनका निराकरण करें। आवेदन पत्रों के निराकरण की विकासखण्डवार समीक्षा करें। समाधान ऑनलाइन में भी केवल लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के ही आवेदन लंबित हैं। कार्यपालन यंत्री पीएचई सीएम हेल्पलाइन की लंबित 2100 से अधिक शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप आयुष्मान शिविरों का आयोजन कराएं। लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने तथा आभा आइडेन्टी कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के सहयोग से ग्राम रोजगार सहायकों को आयुष्मान कार्ड बनाने का दैनिक लक्ष्य निर्धारित कराएं। इसकी पूर्ति की नियमित समीक्षा करें। हनुमना में 13 सितम्बर को निःशुल्क उपचार शिविर लगाया जा रहा है। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में अब तक विभिन्न विभागों से जुड़ी संस्थाओं ने 1835 रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। इनमें से केवल 683 में ही उम्मीदवारों का चयन किया गया है। शेष पदों में भी ऑनलाइन आवेदन पत्रों को मान्य करते हुए उम्मीदवारों का चयन कर अनुबंध की कार्यवाही पूरी कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि 15 से 17 सितम्बर तक जिला स्तर पर खेलो एमपी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इसमें 18 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ी 18 विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। इसके पहले ब्लॉक स्तर पर खेलो एमपी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी सभी प्राचार्यों को इस संबंध में निर्देशित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल कराएं। जिला के बाद संभाग स्तरीय प्रतियोगिता तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। रीवा में कबड्डी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संभागीय खेल अधिकारी इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मिश्रा ने बताया कि 12 सितम्बर को कृमि नाशी दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन एक से 19 साल तक के सभी बच्चों तथा 20 से 49 साल तक की महिलाओं को कृमि नाशी एलवेंडाजोल गोली दी जाएगी। इसके लिए सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों तथा स्कूलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कोर्ट में लंबित प्रकरणों तथा अवमानना प्रकरणों में तत्काल जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित न्यायालयीन प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही करते हुए जवाबदावा दर्ज कराएं। जो जवाबदावे दर्ज किए गए हैं उनकी प्रति कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराकर ऑनलाइन दर्ज कराएं। उप संचालक पशुपालन पूर्ण गौशालाओं में गौवंश को रखने तथा गौशाला संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सहायक कलेक्टर सोनाली देव सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रायपुर कर्चुलियान के परसा गांव में, गांव के ही कुछ लोगो ने हत्या कर फांसी पर लटकाने का परिजनों द्वारा लगाया आरोप

मरने से पहले युवक के द्वारा एक सुसाइड नोट लिखकर गांव के ही कुछ लोग कटनी के एक युवक पर प्रताड़ना का लगाया आरोपउधार लिए हुए पैसे को लौटने के बाद जबरदस्ती 10त्न ब्याज के हिसाब से पैसे की मांग करने लगे नहीं देने पर आधी रात को फोन के माध्यम से बुलाकर कर दी हत्या

रीवा। जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में व्यापारी को जान से मार कर फांसी के फंदे पर लटका दिया और मरने से पहले मृतक को दारू के साथ ही जहर पिलाया गया जिससे उनके बचने का रास्ता साफ हो जाए लेकिन गांव के और परिवार के लोगों के द्वारा बताया गया कि मृतक के द्वारा आज तक कभी कोई नशा नहीं किया गया लेकिन इनको जबरदस्ती दारू और जहर पिलाकर फांसी के फंदे पर लटकाया गया जिससे यह लगे कि मृतक ने दारु पीने के बाद फांसी के फंदे पर लटक गया। सुसाइड नोट मे लिख के गया था।उधर के पैसे लेने के बाद जबरदस्ती धमकी देकर 10त्न ब्याज पर करवाया सिग्नेचर नगद पैसा देने के बाद ब्याज का पैसा जबरदस्ती लिखा लिए जो नहीं देने पर आए दिन जान से मारने की धमकी और परिवार को खत्म कर देने और मुझे मरने की देते थे धमकी।

मृतक के परिजन ने बताया घटनास्थल का पूरा विवरण-जिस जगह पर मृतक के द्वारा फांसी लगाई गई है उस जगह से मृतक की गाड़ी 2 किलोमीटर दूर खड़ी थी और चप्पल में उसके कीचड़ लगा हुआ था जो कि परिवार के लोगों ने अंदेशा लगाया है कि उनको जबरदस्ती घसीट कर लाया गया और उनको जबरदस्ती दारू भी पिलाई गई है। क्योंकि मृतक अशोक कुमार पटेल ने आज तक कभी कोई नशा नहीं किया यह घर के अलावा गांव के हर व्यक्ति से आप पूछ सकते हैं उन्होंने आज तक ना कभी दारू गांजा सिगरेट किसी तरह का कोई नशा नहीं किया लेकिन जिन लोगों के द्वारा यह धमकी दी जा रही थी उन लोगों ने जबरदस्ती दारू और जहर पिलाया और उनका गला घोटकर उनको फांसी के फंदे पर लटका दिया परियोजनो ने कहा कि जब हम लोग जिस जगह पर फांसी लगाई थी उसे जगह पर पहुंचे तो उनके गले में पड़ी रस्सी एकदम ढीली सी थी और जमीन से नीचे ऐसा कुछ था नहीं कि जिस पर वह चढ़कर फांसी लगे ये गाँव के ही लोग है जिनसे इन्होंने पैसा लिया था और बिना ब्याज मे लिए थे क्यो की ये हमेशा इनसे बिना ब्याज के पैसे लेते रहते थे पहले भी जब कभी काम होता था। लेकिन इस बार इन्होंने ज्यादा घाटा होने की बजह से फायेदा उठाते हुए पहले से ही एक कागज मे सिग्नेचर करा लिया था की आप मेरे से इतना पैसा लिए है लेकिन जब मृतक के द्वारा कोर कागज मे सिग्नेचर नही किया गया तो धमकी देकर करा लिए और उसके बाद उसमे 10त्न ब्याज के तौर पे पैसा लेना लिख दिया जिसके बाद ये व्यापारी के द्वारा पुरा पैसा देने के वाद भी उससे पैसे की मांग करने लगे तो मृतक के द्वारा ऐसी कोई बात नही होनी बताई और जो मूल था उसी बस को देने की बात हुई थी लेकिन इनके द्वारा फर्जी करा के परेशान और धमकी देते जिसकी जानकरी मृतक ने परिजनों के अलावा एक लेटर मे लिख के भी गया था

मृतक के द्वारा अपनी जान को इन लोगो से खतरा बता कर सुसाइड नोट छोड़ गया है-मृतक अशोक पटेल द्वारा घटना से 15 दिन पहले 26 अगस्त को ही लिख कर अपनी डायरी मे रख दिया था और अपनी जान का खतरा गाँव के लोग और एक कटनी जिला के युवक का नाम लिख गया था। राजेश पटेल/ राजू पटेल परसा पिता हरप्रसाद पटेल, लाला तिवारी बल्लि कट्टैटर कटनी जिला, पुस्पेंद्र पटेल कुइया कला पिता बृजभान पटेल, हुबब्लाल पटेल कुइया कला पिता कशिप्रसाद पटेल अखिलेश पटेल राजहा

इन सभी के नाम मृतक ने अपने सुसाइड नोट मे लिख कर रख दिया था पहले ही और परिवार के लोगो को भी बता चुका था की अगर मैं अपनी जीवन में कभी कोई ऐसी घटना कर देता हूं तो उसमें इन सभी की धमकियों और उनकी प्रताड़ना से तंग आकर इनके द्वारा आए दिन परेशान करने की वजह से अपनी जीवन लीला समाप्त कर सकता हूं तो मेरे ऐसा कदम उठाने के पीछे इन लोगों के द्वारा प्रताड़ना मुझे परेशान करना और तरह-तरह की धमकी देना और मेरे परिवार को खत्म करने के धमकियों से डर कर मैं कोई कदम उठाऊंगा तो इसके जिम्मेदार यह होंगे क्योंकि इन्हीं की धमकियों की वजह से और प्रताड़ना की वजह से और अपने परिवार की जान की सलामती के लिए मैं ऐसा कदम उठा लूंगा तो यह जिम्मेदार होंगे क्योंकि इनके द्वारा जो पैसा मैंने लिया था वह पूरा लौटा दिया है लेकिन इन्होंने जबरदस्ती पैसा जो लिया था 10त्न ब्याज के हिसाब से जबरदस्ती जोड़ हुए हैं और ज्यादा पैसा धमकी दे देकर लिखा लिए हैं जो मैं देने में असमर्थ हूं इसलिए यह लोग मुझे बार-बार टॉर्चर करते हैं।

एसपी कर रहे पक्षपात,निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है : डॉ.गोविंद सिंह

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त दिल्ली एवं म.प्र. चुनाव आयोग को पत्र लिखा

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने अपने निज निवास टिकासरा पर प्रेस वार्ता के दौरान भिण्ड पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि,पुलिस अधीक्षक श्री खत्री द्वारा जिले में पक्षपातपूर्ण तरीके से भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर थाना प्रभारियों की पदस्थापना कर दी गई है। आगामी माह नवम्बर - दिसम्बर 2023 में म.प्र. में विधानसभा के चुनाव सम्पन्न होना है। डॉ. सिंह ने कहा कि भिण्ड जिले की राजनीति में ब्राम्हण व राजपूत सहित सभी जातियों के अधिकांश मतदाता अपनी जाति के प्रत्याशियों को मतदान करते रहे हैं। लहार विधानसभा क्षेत्र में एसपी मनीष खत्री से मेरे द्वारा अनुरोध करने के बाबजूद भी अधिकांश थानों में ब्राम्हण समाज के थाना प्रभारियों की पदस्थापना कर दी गई है तथा अधिकांश थाना प्रभारियों की रिश्तेदारिया भाजपा के स्थानीय नेताओं से है। चुनाव में उन भाजपा नेताओं को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से पदस्थापनायें की गई हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि मैंने पूर्व में पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया था कि लहार क्षेत्र में ब्राम्हण व राजपूत समाज के कम से कम थाना प्रभारियों की पदस्थापना की जाये। क्योंकि मैं स्वयं कांग्रेस पार्टी से विधानसभा प्रत्याशी रहता हूँ तथा भाजपा से ब्राम्हण समाज के अधिकांश विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहते रहे हैं।डॉ. सिंह ने कहा कि इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र मेहगांव एवं अटेर में सत्तारूढ़ भाजपा के मंत्री आगामी चुनाव में संभावित उम्मीदवार होगें और इन दोनों मंत्रियों के क्षेत्र में उनकी जाति के ही लगभग सभी थानों में थाना प्रभारियों की पदस्थापना पुलिस अधीक्षक भिण्ड ने करके यह स्पष्ट कर दिया है, कि उनके रहते भिण्ड जिले में आगामी विधानसभा के चुनाव निष्पक्ष रूप से होना संभव नहीं है। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि एसपी मनीष खत्री द्वारा पिछले माह में थाना प्रभारियों की विधानसभा क्षेत्र लहार,अटेर एवं मेहगांव में जातिगत पदस्थापना की गई है,उक्त पदस्थापनाओं से प्रमाणित होता है, कि पुलिस अधीक्षक श्री खत्री जिले में किस प्रकार आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी भूमिका अदा करेगें। उनके पुलिस अधीक्षक के पद पर बने रहने से भिण्ड जिले में निष्पक्ष चुनाव होना संभव नहीं है। डॉ सिंह ने केंद्रीय मुख्य चुनाव आयोग दिल्ली एवं मध्यप्रदेश चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा है, कि एसपी मनीष खत्री द्वारा की गई थाना प्रभारियों की पदस्थापनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाये,जिससे जिले में आगामी विधानसभा चुनाव निष्पक्ष रूप से संभव हो सकें।

मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का दो दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें - आयुक्त नगर निगम

मतदान केन्द्र में बिजली, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें - संस्कृति जैन

शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन ने निर्वाचन कार्यों तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। आयुक्त नगर निगम ने कहा कि 12 सितम्बर को सभी एसडीएम अपने अनुभाग के सेक्टर आफीसरों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। इसकी जानकारी पोर्टल में तत्काल अपडेट कराएं। मतदान केन्द्र के भवन में यदि किसी तरह की कमी है तो जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी उसमें आवश्यक सुधार कराएं। मतदान केन्द्र तक जाने वाले मार्ग में भी यदि किसी तरह की कमी है तो उसे भी संबंधित विभाग आगामी 10 दिनों में पूरा करा लें। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 13 से 20 सितम्बर तक मतदान केन्द्रों के सत्यापन और वहाँ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त नगर निगम ने कहा कि सभी एसडीएम मतदान केन्द्रों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराकर दो दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिन मतदान केन्द्रों में बिजली की सुविधा नहीं है वहाँ अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल संबंधित विभाग से आवेदन लेकर टेम्परेरी कनेक्शन कर बिजली उपलब्ध कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के सहयोग से सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कई मतदान केन्द्रों में लगे हुए हैण्डपंप खराब हैं। उनमें तत्काल सुधार कराएं। जिला समन्वयक शिक्षा मिशन माध्यमिक शालाओं के शौचालयों की साफ-सफाई कराकर उन्हें उपयोग के लायक बनाएं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ सुधार कार्य भी तत्काल करा दें। एसडीएम अपने स्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को शौचालय, पेयजल, बिजली की आपूर्ति तथा रैम्प के निर्माण के लिए तैनात करें। किसी भी स्थिति में 20 सितम्बर से पहले समस्त कार्यवाहियाँ सुनिश्चित कर लें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि निर्वाचन आयोग की टीम शीघ्र ही रीवा संभाग का दौरा करने वाली है। टीम में शामिल अधिकारी मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण करेंगे। आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप मतदान केन्द्र भवन में यदि किसी तरह की कमी है तो उसकी पूर्ति करा लें। कार्यपालन यंत्री आरईएस, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा जनपद के सभी उपयंत्री पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदान केन्द्र से जुड़े भवन और सड़क में सुधार का कार्य कराएं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने विधानसभावार मतदान केन्द्रों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग आफीसर मतदान केन्द्रों से जुड़ी जानकारी गूगल शीट में अपडेट करने के साथ बीएलओ एप में भी अपडेट कराएं। विधानसभावार कंट्रोल रूम बनाकर निर्वाचन संबंधी कार्यों की निगरानी करें। बैठक में मतदान केन्द्रों में फर्नीचर की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। बैठक में सहायक कलेक्टर सोनाली देव सभी एसडीएम, सेक्टर ऑफीसर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

होंडा सिटी गाड़ी से पुलिस ने तीन लाख से अधिक की शराब पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

जिले की सराय छोला थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह हरियाणा से मुरैना लाई जा रही अवैध शराब को एक होंडा सिटी गाड़ी से बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है तथा रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिहं चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक अरविन्द ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सराय छोला थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह सफलता हासिल करते हुए दो शराब तस्करों शिवम सिकरवार एवं आकाश यादव निवासी मुरैना को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला ने बताया कि अल्ला बेली चौकी के पास म.प्र. तथा राजस्थान की सीमाओं के बीच बनाये गये अंतर्राज्यीय चेकिंग पॉईंट पर चेकिंग के दौरान धोलपुर तरफ से आ रही एक सफेद रंग की होंडा सिटी कार क्रमांक यूपी 80-बीजे 0556 को रोक कर चेक करने पर उक्त कार के अंदर 29 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब(रोयल स्टेग, ब्लेन्डर्स प्राइड, बडवायसर बीयर) कुल मात्रा 262.920

मैकडॉवल्स, ऑल सीसन्स व्हीस्की व बल्क लीटर की रखी हुई पाई गई। जिसे आरोपीगण द्वारा फरीदाबाद हरियाणा से परिवहन कर के शहर में खपाने की नियत से लाया जा रहा था। उक्त अवैध शराब की कीमत 3 लाख 19 हजार 200 रूपये है, जिसे थाना सरायछोला पुलिस व सायबर सैल की टीम द्वारा जप्त किया गया तथा आरोपीगणों के कब्जे बाली कार क्रमांक यूपी 80-बीजे 0556 होण्डा सिटी कीमती करीबन 05 लाख रूपये को जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरायछौला निरीक्षक दर्शन लाल शुक्ला, उनि अविनाश सिंह राठौड, उनि सौरभपुरी, उनि अभिषेक जादौन, उनि विवेक शर्मा, प्र.आर. स्वदेश कुमार, आर. कुलदीप भदौरिया, प्रशांत शर्मा, रामकिशन जादौन, राहुल राजावत (सायवर सैल) वीरेन्द्र सिंह, असगर, लखनप्रताप, धर्मेन्द्र, राधेश्याम, रामलक्ष्मण, वीरेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

अतिथि शिक्षक नियुक्त में लगाया परिवारवाद का आरोप

झुण्डपुरा। नगर के शासकीय कन्या हाईस्कूल अन्तर्गत अतिथि शिक्षक भर्ती में धांधली का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर शर्मा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सबलगढ़ को आवेदन प्रस्तुत कर प्राचार्य शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं प्रधान अध्यापक शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय धोबीपुरा द्वारा साठ गांठ कर हटाये जाने का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। सुधीर शर्मा ने प्रस्तुत आवेदन में कहा कि पहले धोबीपुरा स्कूल में मेरी नियुक्ति की गई, पोर्टल पर नाम चढाने के नाम पर पैसो की मांग की तथा स्टाफ रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने की बात की तो फिर पैसो की मांग की, जब मैने इसकी शिकायत सी एम हेल्पलाइन पर की तो प्रधान अध्यापक धोबीपुरा द्वारा विना सूचना के मेरा नाम पोर्टल से हटा दिया गया। मैंने इसकी शिकायत प्राचार्य से की तो उन्होंने मुझे ठहराव की प्रति पकड़ा दी। उन्होंने प्राचार्य पर भी आरोप लगाया कि मुझे अधिक अंक वाले को दरकिनार कर उन्होंने अपने पुत्र की अतिथि शिक्षक पद पर नियुक्ति की है, यह परिवारवाद का उदाहरण है। शिकायत कर्ता ने इसकी जाँच कर अतिथि शिक्षक पद पर नियुक्ति की मांग की है।

12 से 14 सितम्बर तक विकासखण्ड स्तर पर खिलाड़ियों का चयन

खेलों एम.पी. यूथ गेम की बैठक सम्पन्न

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग म0प्र0 शासन भोपाल के आदेशानुसार एवं जिले में कलेक्टर अनुराग वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेलों एम.पी. यूथ गेम्स की बैठक सोमवार को टीएल बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला खेल प्रभारी एस.पी. तिवारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश में प्रचलित 18 खेलों मे एथलेटिक्स, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, फुटबाल, हॉकी, जूडों, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, बेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, बालीबाल, टेनिस, एवं शतरंज खेल का आयोजन किया जाना है। इसके लिए सभी विकासखण्ड स्तर पर 12 से 14 सिंतबर 2023 तक खिलाडियों का चयन किया जावेगा। विकासखण्ड से चयनित 18 खेलों के खिलाड़ियों का जिला स्तर पर 16 सितंबर 2023 को बालिका वर्ग एवं 17 सितंबर 2023 को बालक वर्ग का खेल आयोजित किया जावेगा। जिला स्तर पर वही खिलाडी भाग लेगे जो विकासखण्ड स्तर पर चयनित होगे। विकासखण्ड के समन्यवक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कर्मचारियों और व्यायाम निर्देशक के साथ खिलाड़ी आयेगे। चयनित खिलाडियों को म0प्र0 का मूल निवासी का होना अनिवार्य है, खिलाड़ी की उम्र 31 दिसबंर 2023 को 18 वर्ष से अधिक का नहीं हो चाहिये। चयनित खिलाडी अपना आधारकार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, बैंक खाता नम्बर एवं फोटो पंजीयन फार्म भर कर ब्लाक समन्यवक को देवें तभी खिलाडी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा। प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल के आदेशानुसार विकासखण्ड स्तर पर एमपी यूथ गेम्स में 12 से 14 सितम्बर तक विभिन्न खेल मैदानों में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया जायेगा। विकासखण्ड सोहावल अन्तर्गत 12 सितम्बर को व्यंकट क्रमांक-1 में बास्केटबाल तथा व्यंकट क्रमांक-2 में बॉलीबाल एवं कबड्डी, 13 सितम्बर को प्रियम्बदा बिरला हायर सेकेण्डरी स्कूल में खो-खो, फुटबाल एवं एथलेटिक्स तथा 14 सितम्बर को दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में बैडमिंटन, टीटी, स्वीमिंग, शतरंज, योगा, बाक्सिंग, कुश्ती, बेटलेफ्टिंग, जूडो, मलखम्ब, हॉकी तथा टेनिस खेल के लिए प्रातः 10 बजे खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया जायेगा। सोहावल विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले इच्छुक बालक-बालिका खिलाड़ी 12 सितम्बर को व्यंकट क्रमांक-2 में उपस्थित होकर समन्वयक राजेश पाण्डेय से रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पंजीयन फार्म के साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश का मूल निवासी एवं सोहावल विकासखण्ड अन्तर्गत प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा। बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम अभिषेक गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, शिक्षा विभाग से गिरीश अग्निहोत्री, डी.एच.ओ. डॉ. आरएस त्रिपाठी सहित संबंधित अध्किारी तथा वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी सरकार बनाने को तैयार: उपाध्याय

दिल्ली एवं पंजाब के मॉडल पर मध्य प्रदेश में भी मिलेगी जीत

मुरैना। आम आदमी पार्टी के मुरैना विधानसभा प्रत्याशी रमेश उपाध्याय एवं दिमनी विधानसभा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह तोमर ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा एवं कांग्रेस को परख चुकी है तथा अब आम आदमी पार्टी विकल्प के रूप में आ चुकी है और इस बार मध्य प्रदेश की जनता चंबल संभाग से ही इसकी शुरुआत करेगी।मुरैना एवं दिमनी विधानसभा प्रत्याशी के साथ पार्टी के जिला संयोजक विजय राजे सिंह परमार भी मौजूद थे। नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपनी अलग पहचान रखती है और हमारी पार्टी सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के मूल सिद्धांतों पर काम कर रही है। पार्टी ने लोगों का विश्वास एवं दिल जीतने का काम किया है और इसी का परिणाम है कि दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार है। मध्य प्रदेश में दिल्ली एवं पंजाब के मॉडल को रखकर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और तीसरे विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी खड़ी हुई है। उन्होंने

कहा कि भाजपा एवं कांग्रेस जो यात्राएं निकाल रहे हैं, यह जनता को धोखा देने के लिए निकल जा रही हैं, वहीं भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री जगह-जगह घोषणा कर आम जनता को गुमराह कर रहे हैं। हमारी पार्टी घोषणाएं नहीं करती, गारंटी देती है और हम उस गारंटी पर खरे उतरते हैं, इसलिए जनता आम आदमी पार्टी पर विश्वास कर रही है।

ब्राह्मणों के विरुद्ध बयान देने वाले पर कार्रवाई नहीं तो चुनाव में भाजपा को सिखाएंगे सबक: दिनेश

मुरैना। ब्राह्मण समाज द्वारा सोमवार को मुरैना पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान को ज्ञापन देकर ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा के नेता रामलाल धाकड़ के पुत्र विनोद धाकड़ का मकान तोडने एवं रासुका लगाने की मांग की है तथा चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज भाजपा को सबक सिखाएगा।ब्राह्मण समाज के नेता दिनेश दंडोतिया, हरीश पाठक, संजय उपाध्याय, दिलीप शर्मा, योगेश जोशी सहित अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान को ज्ञापन देकर कहा कि मध्य प्रदेश में जब एक शराबी ब्राह्मण ने आदिवासी के ऊपर पेशाब कर दी तो प्रशासन द्वारा उसका मकान बुलडोजर से तोड़ दिया, लेकिन सबलगढ़ में ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले विनोद धाकड़ का मकान क्यों नहीं तोड़ा गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का सजातीय है, इस कारण उसे बचाया जा रहा है। ब्राह्मण समाज ने मांग की है कि आरोपी विनोद धाकड़ का मकान तोडड़र उस पर रासुका लगाई जाए, अन्यथा आगामी विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज बीजेपी को सबक सिखाएगा।

कैलाश मित्तल जौरा द्वारा आयोजित हुआ शिक्षकों का सम्मान समारोह

जौरा। क्षेत्र के सम्माननीय सभी निवर्तमान शिक्षकों का गरिमामयी एवं आत्मीय सम्मान समारोह मनकामेश्वर महादेव मंदिर जौरा के सभागार में वरिष्ठ समाज सेवी एवं लोकप्रिय भाजपा नेता कैलाश मित्तल जौरा के द्वारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में रमेश अग्रवाल, रघुराज कंषाना, गिर्राज दंडौतिया, योगेश पाल गुप्ता, सूबेदार सिंह रजौधा, विष्णु माहेश्वरी, अखिलेश माहेश्वरी, डॉ एस के शर्मा, डॉ अशोक सिंघल, सेवाराम दीवान, मुन्ना लाल मंगल, गुड्डू मरैया, नवल किशोर गर्ग मौजूद रहे। अतिथियों व आयोजकों ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी शिक्षकों के त्याग व कर्मशीलता की उनके द्वारा बच्चों में दिए गए संस्कारों की उनके कारण भावी पीढी को मिले ज्ञान की प्रशंसा की। इस दौरान कैलाश मित्तल ने समर्पित भाव से सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने एवं आयोजक श्री मित्तल ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का व उनके स्वजनों का तथा उपस्थित सभी समाज सेवियों, पत्रकार, सभी आचार्य गणों, गण मान्य नागरिकों का आत्मीय स्वागत व अभिनन्दन एवं सम्मान भगवान राधा कृष्ण के पेंडिल लगे हुए मोतियों की मालाओं से, शॉल, श्रीफल, पैन सैट, सुंदर कांड की पुस्तक एवं आकर्षक प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की सफलता में आयोजक कैलाश मित्तल, अखिलेश शर्मा, मुन्ना लाल मृदुल, प्रमोद प्रयासी, चंद्रेश मिश्रा, बासुदेव ब्यग्र एवं लायन्स क्लब जौरा के अध्यक्ष विकास मित्तल व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। आभार प्रदर्शन लायंस क्लब जौरा के अध्यक्ष विकास मित्तल ने किया।

संविदा उपयंत्री सतेन्द्र पटेल की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

सतना कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक रोजगार गारंटी श्री अनुराग वर्मा ने जनपद पंचायत अमरपाटन के संविदा उपयंत्री सतेन्द्र पटेल वर्तमान पदस्थापना जनपद रामपुर बाघेलान की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।अपचारी उपयंत्री सतेन्द्र पटेल पर संविदा उपयंत्री रहते हुए ग्राम पंचायत झिन्ना में अनियमितताओं का दोषी पाए जाने, 23 दिवस तक जेल में निरुद्ध रहने, न्यायालय कमिश्नर रीवा संभाग में झिन्ना अनियमितताओं के तथ्यों को छुपाकर गुमराह करने और सीईओ जिला पंचायत को लोकायुक्त प्रकरण जांच वसूली के प्रकरण लंबित नहीं होने का झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर संविदा वृद्धि कराये जाने के आरोप सिद्ध पाए गए हैं। इस कारण कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक ने संविदा उपयंत्री की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर सेवा से पृथक कर दिया है। संबंधित को एक माह अग्रिम मानदेय प्रदान करते हुए पद से पृथक होने का आदेश जारी कर दिया गया है।

किसानों की बस को दिखाई हरी झंडी

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

सतना आत्मा परियोजना के अंतर्गत जिले के किसान दूसरे प्रदेश में कृषि की उन्नत तकनीकों के अध्ययन भ्रमण पर कानपुर रवाना हुए है। सोमवार को सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े ने किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से कानपुर के लिए रवाना किया। इस मौके पर परियोजना संचालक राजेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

08 वर्ष पूर्व के हत्या के अपराध में आजीवन सिद्धदोष अपराधी के विरुद्ध बामोर कला पुलिस की कार्यवाही

राकेश परिहार पिछोर

पिछोर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदोरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में फरार अस्थाई सिद्ध दोष अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में दिनांक 10/09/2023 को थाना बामोर कला एवं थाना करेरा की संयुक्त टीम जिसमें थाना प्रभारी बामोर कला उनि. पुनीत वाजपेई के नेतृत्व में प्रआर0 15 रघुवीर सिंह पाल आर0 764 आकाश सिंह ,आर 0चा0 1029 मोहित शर्मा एवं थाना करैरा संजय भगत , आलोक जैन द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर से द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश करेरा के प्रकरण क्रमांक0 334/22 अप, क,661/15 धारा 302 ,147,148,149, आईपीसी में दोससिद्ध अपराधी अनिल पुत्र अनूप सिंह लोधी निवासी सिलारपुर थाना करेरा जिला शिवपुरी को पिपरा के आगे हनुमान मंदिर के पास से फोर्स की मदद से गिर , किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बामोरकला उनि, पुनीत बाजपेई, रघुवीर सिंह पाल, आकाश सिंह, मोहित शर्मा एवं थाना करैरा से संउनि, संजय भगत आलोक जैन के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया

शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही जारी, पुलिस थाना करैरा ने 80 लीटर कच्ची शराब

कीमती 30 हजार रुपये तथा एक मोटर सायकिल सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिओम चतुर्वेदी
ब्यूरो चीफ

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के मार्गदर्शन में दिनांक 10.09.2023 की रात थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति अपनी एचएफ डिलेक्स मोटर सायकिल पर दोनो तरफ शराब से भरी प्लास्टिक की कैनो को लटकाये हुए हाईवे रोड रजनी वाटिका के पीछे विक्री कर रहे है उक्त सूचना की तस्दीक करने हेतु मुखबिर के बताये स्थान के पास पहुचे तो दो व्यक्ति मुखबिर के बताये स्थान के पास खडे दिखे उनके पास एक मोटर सायकिल पर दो प्लास्टिक की कैन बंधी हुई थी । दोनो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गया तथा एक व्यक्ति को हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा तो उसने अपना नाम मंगल बरार पुत्र नाथू उर्फ नत्थू बरार उम्र 38 साल नि0 चंगेर पहाडी दाल मील के पीछे करैरा का होना बताया । भागने वाले व्यक्ति के संबंध में नाम पता पूछा तो उसने अशोक कंजर नि0 करैरा का होना बताया । आरोपी के कब्जे बाली दोनो कैनो को लेकर उनके ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें भट्टी की बनी कच्ची शराब करीब 40- 40 लीटर भरी होना पाई गई आरोपी से शराव रखने लाने ले जाने के संबंध मे लायसैंस मांगा तो नही होना वताया। कुल 80 लीटर कच्ची शराव कुल कीमती 30 हजार रूपये एवं एचएफ डिलेक्स मोटर सायकिल कीमती 40 हजार रूपये को जप्त किया गया तथा आरोपी दिनेश नामदेव को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 632/23 पंजीबद्ध किया गया है ।

बरामद माल: 01. दो प्लास्टिक की कैनो में 40-40 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 30 हजार रुपये, 02 एक एचएफ डिलेक्स मोटर सायकिल कीमती 40 हजार रूपये

इनकी रही भूमिका: थाना प्रभारी निरी.सुरेश शर्मा , सउनि प्रवीण त्रिवेदी ,आर 1073 अनूप ,आर 338 हरेन्द्र गुर्जर , आर 517 संतोष पाठक ,आर 939 सोनू श्रीवास्तव ,आर 262 सतेन्द्र सिकरवार ।

आलिया भट्ट ने शेयर किया बीटीएस वीडियो



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने रिलीज के एक साल पूरे होने पर अपने पति रणबीर कपूर और 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1: शिवा' के कलाकारों के साथ पर्दे के पीछे के कुछ शानदार पल साझा किए। आलिया, रणबीर, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय स्टारर इस फिल्म को शनिवार को एक साल पूरा हो गया। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म के शूटिंग के दौरान बिहाइंड द सीन्स मोमेंट्स शामिल हैं। क्लिप की शुरुआत फिल्म के निर्देशक अयान मुखर्जी द्वारा आलिया को यह सिखाने से होती है कि एक सीन को कैसे किया जाएगा, जिसमें उसे रणबीर को पीछे से गले लगाना है।

हालांकि, सीन करते वक्त एक्ट्रेस और डायरेक्टर जोर-जोर से हंसने लगे। इसके बाद इसमें रणबीर और आलिया के फर्स्ट लुक टेस्ट, तेल अवीव की यात्रा और फिल्म की तैयारी की तस्वीरें दिखाई देती हैं। रणबीर को एक तस्वीर में अपने सिर को कई तौलिए से ढके हुए देखा जा सकता है। जिस पर लिखा है 'किसी को बारिश के सीन से नफरत थी'। उनकी और रणबीर की सैर की तस्वीरें भी हैं। इसे कैप्शन देते हुए, आलिया ने लिखा: मैं अपने दिल का एक टुकड़ा आपके साथ शेयर कर रही हूं। यकीन नहीं होता कि इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे एक साल हो चुके हैं। शनिवार को, अयान ने कहा कि 'ब्रह्मास्त्र' के दूसरे और तीसरे पार्ट पर काम चल रहा है।

बॉक्स ऑफिस पर जवान का डंका

इस समय शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का लोगों के बीच जबरदस्त क्रेज है। किंग खान की ये फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई है। फिल्म कमाई के मामले में भी इतिहास रचती नजर आ रही है। शाहरुख खान की पिछली रिलीज फिल्म 'पठान' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी, हालांकि, अब "जवान" ने उनका भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म "जवान" "पठान" से दो कदम आगे निकल गई है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ साउथ एक्ट्रेस नयनतारा नजर आ रही हैं। दोनों की जोड़ी स्क्रीन पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पहली बार स्क्रीन पर नजर आ रही इस केमिस्ट्री को फैंस ने भी खूब पसंद किया है। फिल्म में दिखाए गए धमाकेदार सीन्स की भी खूब तारीफ हो रही है।

रिचा शर्मा ने 'रंग दे बसंती' में गाया गाना

जानीमानी गायिका रिचा शर्मा ने खेसारीलाल यादव की आने वाली फिल्म 'रंग दे बसंती' में गाना गाया है। एस आर के म्यूजिक फिल्म्स के बैनर तले बन रही 'रंग दे बसंती' के निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव के साथ रति पांडे, डायना खान, अमित तिवारी, मीर सरवर, फिरोज खान, राज प्रेमी और सुजान सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं। लंबी जुदाई, लज्जा, जोर का झटका जैसे चार्टबस्टर बॉलीवुड गानों से लोगों के बीच पहचाने जाने वाली रिचा शर्मा फिल्म रंग दे बसंती से जुड़ गई हैं।

नोरा फतेही ने पीएम मोदी का जताया आभार

मोरक्को मूल की एक्ट्रेस नोरा फतेही ने देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मोरक्को के प्रति हार्दिक संवेदना और समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मोरक्को में 6.8 तीव्रता से भूकंप आया, जिसने चारों ओर तबाही मचा दी। रबात और कैसाब्लांका समेत मोरक्को के कई शहरों में महसूस किए गए भूकंप से अब तक 2000 लोगों की मौत की खबर है। एकजुटता का भावपूर्ण प्रदर्शन करते हुए, पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावित देश के प्रति अपनी संवेदना और समर्थन बढ़ाया।

एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, मोरक्को में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बेहद दुखी हूं, इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ हैं, उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। भारत इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

नोरा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पीएम के लिए एक संदेश साझा किया, जिसमें लिखा, इस बड़े समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद! आप जागरूकता बढ़ाने और मदद का हाथ बढ़ाने वाले पहले देशों में से एक हैं, मोरक्को के लोग बहुत आभारी हैं! जय हिंद! काम के मोर्चे पर, नोरा पहली बार 'क्रैक' नामक एक स्पोर्ट्स-एक्शन फिल्म में विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल के साथ मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। उनके पास पाइपलाइन में 'मटका', 'डांसिंग डेड' और कुणाल खेमू की 'मडगांव एक्सप्रेस' जैसी फिल्में भी हैं।

मैंने अपने करियर के दौर में बहुत कुछ सीखा: शीजान खान

जोधा अकबर', 'तारा फ्रॉम सतारा' और 'अली बाबा: दास्तान-ए-काबुल' जैसे टीवी शो से पहचान बनाने वाले अभिनेता शीजान खान ने बताया कि अपने करियर की शुरूआत में उन्हें कुछ नहीं पता था। उन्होंने अपनी अभिनय यात्रा के दौरान ही सब सीखा। अभिनेता ने कहा, मेरे परिवार ने भी पहले मुझसे कहा था कि यह मुश्किल हो सकता है। मैं समझ गया कि किसी को समझाने से पहले मुझे खुद को यह समझाना होगा कि यह मेरे लिए कोई आसान काम नहीं है। अगर मुझमें लड़ने की जरा भी भावना है, तो मैं इसमें उतरूंगा, और पीछे नहीं हटूंगा।

शीजान ने कहा, मैं यह भी जानता था कि 'कुछ तो लोग बोलेंगे' कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकता। मैं वास्तव में एक बात में विश्वास करता हूं कि आप भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। भगवान ने आपके लिए कुछ योजना बनाई है। उनकी योजना आपके लिए बहुत बड़ी है। मैं हमेशा वर्तमान में रहा हूं क्योंकि मुझे इसे जीना पसंद है। मैंने यहां अपने दस साल इस सोच के साथ बिताए हैं कि "बुरे वक्त में घबराए ना और अच्छे वक्त में पगलाए ना। उनके करियर के शुरुआती दौर में सही मौके बहुत मायने रखते थे।

अभिनेता ने कहा, किस्मत आपके दरवाजे पर एक ही बार दस्तक देती है, उसके बाद चलता है मेहनत का सिक्का, जब मुझे अपना पहला प्रोजेक्ट 'जोधा अकबर' मिला, तो मुझे कुछ नहीं पता था और मैंने अपनी यात्रा के दौरान हमेशा सीखा है।

उन्होंने कहा, आपको हमेशा अपने आप से एक नवागंतुक के रूप में व्यवहार करना चाहिए। मैं अपना आलोचक भी खुद हूं। मैं हमेशा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं, और मेरा मानना है कि सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।'

अभिनेता का मानना है कि धैर्य जीवित रहने की कुंजी है क्योंकि एक समय ऐसा भी आएगा जब आपके पास काम नहीं होगा। अभिनेता यह भी बताते हैं कि इतने सालों में उन्होंने क्या-क्या सीखा। शीजान ने कहा, सब्र होना बहुत जरूरी है। मेरी मां ने मुझे हमेशा सिखाया है कि कोई भी इसे सबसे आसान तरीके से कर सकता है, लेकिन यह कब तक काम करेगा? मैं जो भी काम करूं वह सम्मान के साथ ही किया जाए। काम करना और पूरी प्रक्रिया के दौरान सिद्धांतों का पालन करना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, हर कदम आपका अगला पाठ है, और आपको हमेशा खुद को साबित करना होगा। आप हर किसी से झूठ बोल सकते हैं, लेकिन भगवान और खुद से कभी नहीं।

बहुरंग

यश कुमार की फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यश कुमार एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चेनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में यश कुमार चाची की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो अपनी बेटी के लिए अपने ससुर के घर में नौकरानी बनकर रहते हैं। फिल्म की कहानी एक तलाकशुदा मां बाप की है जिसमें पिता अपनी बेटी के बिना नहीं रह सकता। ट्रेलर की शुरुआत होती है यश कुमार और फिल्म की अभिनेत्री रक्षा गुप्ता के बीच तलाक से, जहां तलाक के बाद उनके बच्चे की कस्टडी मां को मिल जाती है। फिल्म चाची नंबर 1 का निर्माण यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा के बैनर तले हुआ है। इस फिल्म के जरिए एक गंभीर सवाल को उठाया गया है। अक्सर आज के दिनों में पति-पत्नी एक दूसरे से अलग हो रहे हैं लेकिन इस बीच में सबसे ज्यादा नुकसान उनके बच्चों का हो रहा है जो अपने माता-पिता के साथ रहना चाहता है।

दिलचस्प

2024 में रिलीज होगी अक्षय की वेलकम टू द जंगल

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी। अक्षय कुमार फिल्म वेलकम टू द जंगल में मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे।वर्ष 2007 में प्रदर्शित 'वेलकम' में अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी। हालांकि वेलकम 2 यानी वेलकम बैक से अक्षय को रिप्लेस किया गया, लेकिन अब 'वेलकम 3' में उनकी वापसी होगी। अक्षय कुमार ने 09 सितंबर को अपना जन्मदिन मनाया है। इस अवसर पर अक्षय ने 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर करते हुए लिखा, 'खुद को और आप सभी को एक बर्थडे गिफ्ट दिया है आज। यदि आपको ये तड़का अच्छा लगा तो शुक्रिया कहिए और मैं आपको 'वेलकम' कहूंगा।' वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के संजय दत्त, अरशद वारसी, जैकलीन फर्नांडिस, सुनील शेट्टी ,दिशा पाटनी ,परेश रावल की अहम भूमिका होगी।यह फिल्म 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी।

जेनेलिया की तीसरी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह हुई तेज

अभिनेता रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख मनोरंजन जगत के एक लोकप्रिय जोड़े हैं। रितेश और जेनेलिया के दो बच्चे हैं, लेकिन अब दोनों का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के बाद यह अफवाह उड़ गई है कि जेनेलिया दोबारा प्रेग्नेंट हैं। जेनेलिया और रितेश देशमुख दोनों हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इसका एक वीडियो पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर किया है। इस वीडियो में रितेश और जेनेलिया हाथों में हाथ डाले इवेंट में पहुंचते नजर आ रहे हैं। इस बार जेनेलिया ने पर्पल कलर का वन पीस पहना है। रितेश ने सफेद शर्ट और नीली पैंट पहनी हुई थी। इस वीडियो में उनके बेबी बंप ने सभी का ध्यान खींचा है। ऐसे में अफवाहें हैं कि वह दोबारा प्रेग्नेंट हैं। इस वीडियो को देखने के बाद एक ने कमेंट किया कि जेनेलिया दोबारा प्रेग्नेंट हैं। एक ने कहा, वह तीसरी बार गर्भवती है। कुछ लोगों ने टिप्पणी की है कि मुझे लगता है कि वह गर्भवती है। इस बीच जेनेलिया और रितेश देशमुख को बॉलीवुड में "क्यूट कपल" के तौर पर देखा जाता है। "तुझे मेरी कसम" में पहली बार रितेश और जेनेलिया ने एक साथ स्क्रीन शेयर किया था। दिलचस्प बात यह है कि इसी फिल्म के मौके पर उनकी पहली मुलाकात हैदराबाद एयरपोर्ट पर हुई थी। इस बार जेनेलिया के व्यवहार से रितेश सहमत नहीं हुए। उन्होंने अपनी मर्जी से उनकी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन जेनेलिया ने उन्हें थोड़ा नजरअंदाज कर दिया, लेकिन जैसे-जैसे वे एक-दूसरे को जानने लगे, उनका प्यार परवान चढ़ने लगा। दोनों 2012 में शादी के बंधन में बंधे। ये कपल एक दूसरे से बेहद प्यार करता है. दोनों के दो बेटे रियान और राहिल हैं।

कैरियर काउन्सलिंग एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तहत व्याख्यान माला आयोजित

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे
ग्वालियर। स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्वावलंबन भारत अभियान के तहत ग्वालियर जिले के 20 हायर सेकण्ड्री स्कूलों में आयोजित व्याख्यान मालाओं में स्वावलंबी भारत अभियान एवं विभिन्न क्षेत्रों के कैरियर काउन्सलरों में विद्यार्थियों को प्रचलित नेरेटिव की शासकीय / कॉर्पोरेट नौकरी की मानसिकता परिवर्तन हेतु अन्य विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर क्या-क्या उपलब्ध है एवं नौकरी के स्थान पर सफल उद्यमी बनने हेतु विचार व्यक्त किये।वक्ताओं ने बताया कि भारत की युवा वर्ग की जनसंख्या जो कि लगभग 30 करो है. का यदि सही रूप / दिशा से उपयोग अन्य विकसित देश अमेरिका, जापान की तर्ज पर उपयोग किया जाये एवं छोटे-छोटे उद्योग-स्टार्टअप लगाये जाये तो

उक्त युवा देश को बेरोजगार मुक्त एवं स्वावलंबी भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दे सकेंगे।वक्ताओं में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ एवं स्टार्टअप कैसे शुरू किया जाये इसके लिए प्रत्येक जिले में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत रोजगार सृजन केन्द्र खोले गये है बताया एवं युवा वहां प्रत्यक्ष रूप से जाकर जानकारी ले सकते हैं या डिजिटल प्लेटफॉर्म । भी उपयोग कर सकते है। ग्वालियर जिले में रोजगार सृजन केन्द्र माधव महाविद्यालय नई सड़क पर संचालित है। साथ ही वक्ताओं ने युवाओं को विदेशी वस्तुओं का उपयोग न करने एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने की शपथ दिलवायी गई जिससे कि देश का पैसा देश में ही रह सकें।उक्त कार्यक्रम एक साथ 9 सितंबर को शासकीय पदमाराजा, हरिदर्शन, पटेल, गोरखी, गजराराजा, किलागेट, जीवाजीराव शिंदे की छावनी, गॉडल, उत्कृष्ट, रेल्वे कॉलोनी, हिन्दी विद्यापीठ, थाटीपुर, डी.आर.पी लाइन. एम.एल.बी. शिक्षा नगर, टकसाल, सिकंदर कम्पू बालक मुरार, पागनवीसी हायरी सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित हुआ जिसमें स्वावलंबन भारत के श्री राकेश शर्मा, संजीव गोयल, डॉ. नवीन दुबे, डॉ. एस. के. दीक्षित एवं विभिन्न क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ श्री के. के. दीक्षित, श्री भागीरथ अग्निहोत्री, हितेन्द्र सिंह, डॉ. सरिता तोमर, स्वराज गुप्ता एवं हेमलता आर्य ने अपने विचार रखें। पूरे कार्यक्रम में राकेश शर्मा प्रांत सह-संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवम डॉ. एस. के. दीक्षित ए.डी.पी.सी. शिक्षा विभाग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा की इंगित काव्य गोष्ठी हुई संपन्न

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे
ग्वालियर । मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की सुप्रसिद्ध और गरिमापूर्ण काव्य गोष्ठी ÷इंगित÷ सभा भवन में सम्पन्न हुई 7 जिसमें कवियों ने राष्ट्रभावबोध ,श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं सामयिक विषयों पर आधारित सुंदर मौलिक काव्य रचनाओं की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार मुरारी लाल गुप्त गीतेश ने की । गोष्ठी के मुख्यातिथि मुरैना से पधारे सुप्रसिद्ध गीतकार सीताराम बघेल, विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद कुमार बरुआ एवं सारस्वत वरिष्ठ कवि प्रकाश मिश्रा रहे। संचालन डॉ.कमलाशंकर मिश्र ने किया ने एवं संयोजन राम चरणरुचिर ने किया।गोष्ठी का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा मां वीणापाणी के पूजन से हुआ और सरस्वती वंदना पुष्पा मिश्रा आनंदने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की । अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक रामचरण÷ रुचिर ÷ने किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की भूमिका एवं मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा की ÷इंगित काव्य गोष्ठी÷ के सम्बंध में विषय प्रवर्तन किया।गोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों सीताराम बघेल मुरारी लाल गुप्त ÷गीतेश ÷ , डॉ.अरविंद बरुआ ,प्रकाश मिश्रा , रामचरण रुचिर , राजेश अवस्थी लावा ,रेखा दीक्षित, दिनेश विकल, जगमोहन श्रीवास्तव, डॉ रमेश चंद्र त्रिपाठी ÷मछंड÷, मनोज कुमार शुक्ला, कमलेश बाबू कैस, पुष्पा मिश्रा ÷आनंदश्यामलाल माहौर सहित अन्य कवियों ने अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में मुरारी लाल गुप्त ÷गीतेश ÷ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए साहित्य की सेवा का निरंतर योगदान देने में सक्षम मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा का अग्रणी योगदान बताया।उन्होंने इस अवसर पर एक गीत प्रस्तुत किया जो इस प्रकार है,÷मेरे देश नमन करता मैं तेरे ही गुण गाता हूं तेरे पूजन अर्चन को मैं शब्द सुमन बिखराता हूं।मुख्य अतिथि के रूप में सीताराम बघेल ने साहित्य की सेवा का निरंतर संचालित हिन्दी साहित्य सभा को मातृ संस्था बताया, उन्होंने इस अवसर पर अपनी दो कृतियों रत्नायनमहाकाव्य व ÷ध्रुवतारा÷ मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा को भेंट कीं। इस अवसर पर उन्होंने काव्य पाठ करते हुए कहा,मुक्तमयी भावों में जब-जब भक्ति जन्म लेती है ।पाप शांत करने को तब तक शक्ति जन्म लेती है। विशिष्ट अतिथि डॉ .अरविंद बरुआ ने भी लोक भाषा बुंदेली पर सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कीं एवं साहित्य सृजन हेतु साहित्य सभा का योगदान सराहनीय बताया। उन्होंने रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, जीवन डोर गहइया ,जय जय प्यारे किशुन कन्हैया ।मातु देवकी जन्म दयो, पालन जशुदा मैया। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ कवि प्रकाश मिश्रा ने भी अपने तेवर दिखाते हुए सुंदर रचनाओं का वाचन किय कार्यक्रम संयोजक रामचरण ÷रुचिर÷ ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अपनी काव्य प्रस्तुति देते हुए कहा,

÷श्रीकृष्ण ने जब लिया धरती पर अवतार।
बंदी गृह में हो गया माया का संचार।।÷
÷देवकी अरु वासुदेव की बेड़ी टूटी हाल।
कालिंदी ने पग छुए बने यशोदा लाल।।÷
इसी प्रकार अन्य कवियों ने भी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति दी जिनके काव्यांश इस प्रकार हैं।
घटाएं प्यार की हर ओर आकर छा जाएं,
बन के बदले हमारे घर पर आ जाएं ।
रेखा दीक्षित
प्यार नहीं है जिस्म का सौदा, सूफियाना इश्क तो करके देख।
रूह से रूह का मिलना है नजराना इश्क तो करके देख।
डॉ. रमेश चंद्र त्रिपाठी मछंड
थप्पड़ झापड़ संटी मुर्गा रोज उमेठे कान गुरु ।
पहले तो जालिम लगते थे अब लगते भगवान गुरु।
जगमोहन श्रीवास्तव

इसी क्रम में मनोज कुमार शुक्ला, राजेश अवस्थी **÷लावा÷, डॉ.कमला शंकर मिश्र,** श्यामलाल माहौर एवं पुष्पा मिश्रा ÷आनंद ÷आदि ने सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति दी । इस अवसर पर दिलीप मिश्रा, राकेश पांडे, दीपक कौल सहित अनेक साहित्यकार गण एवं श्रोतागण उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक रामचरण रुचिर ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं रुचिकर रहा।

रोजगार मेला आज

रीवा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये रोजगार कार्यालय रीवा एवं आईटीआई द्वारा 12 सितंबर को रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला आईटीआई रीवा में होगा। रोजगार मेले में विकास ग्रुप फरीदाबाद, संधार ग्रुप गुडगांव, नेपिनो ग्रुप गुडगांव, एल एण्ड टी स्किल टेनींग इन्स्टीटयूट अहमदाबाद, फ्लिपकार्ट रीवा, वर्क टू गेदर इंदौर एवं आईपीएस इंदौर द्वारा युवाओं का चयन किया जायेगा।रोजगार कार्यालय के उप संचालक अनिल दुबे ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती 12 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से 2 बजे तक अपना पंजीयन करा ले। रोजगार मेले में शामिल होने के लिये युवक 10वीं एवं 12वीं आईटीआई व डिप्लोमा, बी. टेक कक्षा उत्तीर्ण हो। उनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। युवक का ट्रेनीज पद पर चयन होने पर दस हजार रूपये से पच्चीस हजार रूपये तक मानदेय मिलेगा। युवक अपने साथ अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं पासपोर्ट साइज दो फोटो लेकर आयें।

आबकारी विभाग को गत माह 64.52 करोड़ रूपये की आय हुई

रीवा। वर्ष 2023-24 में संभाग अन्तर्गत आबकारी विभाग में गत माह अगस्त में 64.52 करोड़ रूपये की आय प्राप्त हुई। इस प्रकार अगस्त माह तक कुल आय 403.72 करोड़ रूपये रही। उपायुक्त आबकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत माह विभाग द्वारा 469 विभागीय एवं 373 न्यायालयीन प्रकरण कायम किये गये। इस दौरान 3638.72 लीटर देशी मदिरा, 856.225 प्रूफलीटर विदेशी मदिरा स्प्रिट, 178.290 बल्क लीटर विदेशी वियर एवं 19370 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया।

सत्यवीर दिवाकर को समाजवादी शिक्षक सभा का पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर दिवाकर समाज ने किया सम्मानित

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर
पुष्पांजली टुडे

एटा दिवाकर समाज की एक आवश्यक बैठक श्री विद्याराम भारती पूर्व प्रवक्ता की अध्यक्षता में बालकराम दिवाकर के आवास श्याम नगर में संपन्न हुई बैठक में सत्यवीर सिंह दिवाकर को समाजवादी शिक्षक सभा जनपद एटा का पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर फूल मालाएं पहनाकर व साल उड़ाकर सम्मानित किया। इस कड़ी में बैठक को संबोधित करते हुए सत्यवीर सिंह दिवाकर ने कहा कि मैं ईमानदारी पर निष्ठा से कार्य करते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का कार्य करूंगा, इसके साथ ही शिक्षक समुदाय के सामने सुरसा की तरह बनी हुई पुरानी पेंशन की समस्या व वित्त विहीन शिक्षकों के सम्मानजनक मानदेय जैसी समस्या के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा । दिवाकर समाज के विकास के लिए उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करने का कार्य किया जाएगा, क्योंकि डॉ बी आर अंबेडकर ने कहा था की ÷शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा÷ इसलिए इस वर्ष दिवाकर समाज के एक विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 9 से 12 तक के 41 छात्रों की शुल्क जमा करने की जिम्मेदारी मैंने ली है तथा इंटरमीडिएट में संस्कृत विषय पढ़ने वाले सभी समाज के छात्रों को निशुल्क पुस्तकें व उनकी शुल्क जमा करने की जिम्मेदारी भी मैंने ली है। जिससे समाज का विकास होगा साथ ही अपनी मातृभाषा संस्कृत का भी विकास होगा । अरुण कुमार दिवाकर प्रवक्ता ने कहा कि हम सभी समाज के लोग सत्यवीर सिंह दिवाकर द्वारा उठाए गए सराहनीय कदम का समर्थन करते हैं तथा पार्टी व समाज को मजबूत करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इनके साथ ही अमर सिंह दिवाकर प्रधानाध्यापक, जगदीश दिवाकर पूर्व वी डी ओ, रामकृपाल दिवाकर पूर्व सचिव, राम कैलाश दिवाकर पूर्व प्रवक्ता, विकास दिवाकर अध्यापक, विकास कुमार सभासद, वेद प्रकाश दिवाकर अध्यापक, उमाशंकर अध्यापक, राधेश्याम दिवाकर, पुष्पेंद्र दिवाकर, अर्जुन दिवाकर, आदि ने भी बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर दिवाकर समाज के बहुत से लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन बालक राम दिवाकर अध्यापक ने किया।

थाना सुरपुरा द्वारा जमीन के अन्दर गाडकर रखी अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन पर आगामी चुनाव-2023 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था।उक्त सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी अटेर जाहिद खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरपुरा उपनिरीक्षक अमित सिकरवार को दिनांक 11/09/2023 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चिलौंगा में बडी मात्रा में शराब इकट्ठी की गई है जिसे जमीन में गाडकर छुपाकर रखा गया है जो सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु ग्राम चिलौंगा पहुंचकर मौके पर मिले संदेही से पूछताछ की जो उसने घर के सामने बने गौंणा में सब्जी के पेडों के बीच शराब को गाडना बताया जो संदेही की निशादेही पर बताये स्थान की खुदाई की गई जो जमीन में बडी मात्रा में देशी शराब गडी हुई थी खुदाई करने पर जमीन से 1800 पाव सफेद प्लेन देशी शराब (36 पेटी अवैध शराब बरामद कर जप्त की गई है तथा आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया है उक्त सम्बन्ध में थाना सुरपुरा के अंतर्गत 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है प्रकरण में अग्रिम विवेचना की जा रही है।

बरामद मशरुका- अवैध देशी शराब के 1800 पाव सफेद प्लेन कुल 324 बल्क लीटर,कुल बरामद माल की अनुमानित कीमत - 01 लाख 30 रुपये।

सराहनीय भूमिका- उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित सिंह सिकरवार, भगवान सिंह,प्रधान आरक्षक अमित सेन,आरक्षक अनिल जाट,महेन्द्र यादव,राजबहादुर यादव,गोविंद राजपूत, यदुवीर सिंह चौहान,चालक अरविंद परिहार, तथा अन्य थाना स्टाफ की अहम भूमिका रही ।

अच्छी ग्रेडिंग के लिए चालू माह की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण पर फोकस करें

सीईओ जिला पंचायत ने ली टीएल की बैठक

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि सीएम हेल्पलाइन में ग्रेडिंग के दौरान बेहतर स्थान पर आने के लिए चालू माह की लंबित शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण पर फोकस करें। सोमवार को संपन्न समय सीमा प्रकरणों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर ऋषि पवार, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत, एसडीएम नीरज खरे, एपी द्विवेदी, आरएन खरे, आरती सिंह, आरती यादव, एसके गुप्ता, सुरेश जादव, सुधीर बेक, जीतेन्द्र वर्मा, डिप्टी कलेक्टर गोविन्द सोनी, सभी जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि गत सप्ताह तक 17502 शिकायतें लंबित रही हैं। जो इस सप्ताह 2105 बढ़कर 19607 हो गई हैं। जिनमें सर्वाधिक ऊर्जा विभाग 3967, राजस्व 3768, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 1361 शिकायतें लंबित हैं। जिला पंचायत के सीईओ ने कहा कि अब जिले में बारिश भी हो चुकी है। ऊर्जा विभाग और पीएचई विभाग का लोड कम हुआ है। किन्तु शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। समय सीमा की सोमवार की बैठक सहित किसी भी बैठक में अब तक नहीं उपस्थित होने पर सतना के प्रभारी कार्यपालनयंत्री लोक स्वास्थ्ययांत्रिकी रीवा को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि कार्यपालन यंत्री द्वारा सतना में विभागीय समीक्षा बैठक नहीं करने और अपनी पर्याप्त उपस्थिति जिले में नहीं देने से जल जीवन जैसी महत्वपूर्ण योजना का काम प्रभावित हो रहा है। विभाग को तदाशय का पत्र प्रेषित करें। जल जीवन मिशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा अब तक शेष कनेक्शन 10522 के विरुद्ध प्रतिदिन के मान से 10-20 कनेक्शन ही करने पर सीईओ जिला पंचायत ने गहरी नाराजगी जाहिर की। बताया गया कि जल जीवन की रिट्रोफिटिंग की 100 योजनाओं में 75 नल जल योजना और नवीन 120 नल जल योजनाओं में 62 पूरी कर ली गई है। खाद्यान्न उठाव और वितरण की समीक्षा में बताया गया कि सहकारी समितियों की राशन दुकानों में हड़ताल के चलते इस माह का खाद्यान्न उठाव नहीं हुआ है। दुकानों द्वारा सामग्री प्राप्त नहीं करने पर ट्रांसपोर्टर्स द्वारा उठाव भी नहीं किया जा सका है। सहायक आपूर्ति अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि समितियों की हड़ताल 15 सितंबर को समाप्त होने की संभावना है। सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े ने कहा कि राशन दुकानों से गरीबों और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। अन्न उत्सव के पूर्व खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग खाद्यान्न वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था करें। सीईओ जिला पंचायत ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एआर सिंह को सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग के मापदंडों की जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व से आपका विभाग ए श्रेणी में रहता आया है। जो कि वर्तमान में डी श्रेणी में है। मात्र 46 शिकायतों के आधार पर लोक निर्माण विभाग डी श्रेणी में है। शिकायतों का तुरंत निराकरण कर इसे ए श्रेणी में लाएं।

पाईप लाईन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य में गति लायें :कलेक्टर

जल जीवन मिशन अंतर्गत डी.डब्लू.एस.एम. की बैठक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति (डी.डब्लू.एस.एम.) की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने अधिकारियो को निर्देश दिए की ग्रामों में पाईप लाईन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों का रोड़ रेस्टोरेशन के कार्यों में गति लाई जाये। जिन ग्रामों में कार्य अप्रारंभ हैं उनमें ठेकेदार के माध्यम से तत्काल कार्य प्रारंभ करायें एवं जिन ग्रामों की निविदा स्वीकृत नहीं है उनको वरिष्ठ कार्यालय से समन्वय स्थापित कर स्वीकृत कराना सुनिश्चित करे।ईई पीएचई आरके सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 881 ग्रामों में से 869 ग्रामों की शासन से पेयजल योजना की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें से 666 ग्रामों के कार्यादेश जारी कर 91 ग्रामों को पूर्ण, 264 ग्रामों में पेयजल योजना का कार्य प्रगतिरत है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478